वर्ष : 18 अंक: 10 | आगरा | गुरुवार 13 मार्च 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी होली एवं धुलंडी की शुभकामनाएं

**जयपुर ,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (13 व 14 मार्च) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि होली का यह त्यौहार जीवन में खुशहाली का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के परिचायक हैं। रंगों और खुशियों से लबरेज यह पर्व हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव को बढ़ाने की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता के साथ रंगों के इस त्योंहार को हर्षोल्लास से मनाएं और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें।

### पाकिस्तान के लिए बड़ी शर्मिंदगी, राजदूत को एंट्री देने से अमेरिका का इनकार, एयरपोर्ट से ही लौटाया

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** अमेरिका में पाकिस्तान के लिए एक शर्मिंदगी भरी घटना घटी है। यहां शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक को प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया और विवादास्पद वीजा संदर्भों के कारण निर्वासित कर दिया गया। यह जानकारी पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी। तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत केके वागन कथित तौर पर एक निजी यात्रा के लिए लॉस एंजिल्स जा रहे थे, लेकिन वहां पहुंचने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया। अमेरिकी अधिकारियों ने विवादास्पद वीजा संदर्भों के लिए वागन को तत्काल निर्वासित कर दिया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी अधिकारियों ने यह कदम किन विशिष्ट चिंताओं के कारण उठाया।

### बिहार में पिता ने 4 बच्चों को दूध में दिया जहर, 3 की तड़प-तड़प कर मौत

**आरा ,एजेंसी।** बिहार के आरा जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने चार बच्चों को जहर देकर मारने के बाद खुद भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस हृदयविदारक घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि पिता और एक अन्य बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना आरा जिले में मंगलवार रात को घटी। मृतक बच्चों की पहचान और उम्र अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार, अरविंद कुमार नामक व्यक्ति ने अपने बच्चों को दूध में जहर मिलाकर पिला दिया, और फिर स्वयं भी जहर का सेवन कर लिया।

## मोहन सरकार का 4.21 लाख करोड़ का सबसे बड़ा बजट

# कोई नया टैक्स नहीं, गरीबों को कई सौगातें और उद्योगों को 30000 करोड़ का इंसेंटिव

**भोपाल,ब्यूरो।** मध्य प्रदेश विधानसभा में मोहन यादव सरकार की ओर से आज बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया गया। सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री देवड़ा ने बजट भाषण की शुरुआत कविता से की। उन्होंने कहा- यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है...जनता और जनप्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं, कर सकें हम सब पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2025-26 का बजट जोरी बेस्ट बेस्ड प्रक्रिया से तय किया है। सरकार का लक्ष्य विकसित मध्य प्रदेश है।





### कोई नया टैक्स नहीं

सरकार की ओर से काई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। टैक्स की सभी प्रक्रिया को पहले जैसा ही रखा गया है। 2025-26 के बजट में प्रदेशवासियों के लिए यह सबसे बड़ी राहत है।

### तीन लाख से अधिक को रोजगार का दावा

2025-26 का वर्ष सरकार उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाएगी। प्रदेश में 14 हजार 500 एकड़ भूमि पर 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। इन उद्योगों के जरिए तीन लाख से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे। सरकार ने स्टार्टअप नीति 2025 लागू की, जिससे 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना है।

### लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा

प्रदेश की लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की घोषणा की गई है। इसके अलावा लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा गया है। 1.27 करोड़ लाडली बहनों के लिए 18 हजार 669 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उद्योगों को 30 हजार करोड़ का इंसेंटिव

उद्योगों की स्थापना और विस्तार के लिए प्रोत्साहन नीतियों के तहत इंसेंटिव दिए जाने का भी एलान किया गया है। इससे भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकार की ओर से पांच साल में उद्योगों को करीब 30 हजार करोड़ का इंसेंटिव दिया जाना प्रस्तावित है, जबकि इस साल इंसेंटिव के लिए तीन हजार 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह पिछले साल से 551 करोड़ अधिक है।

### गरीबों को योजनाओं का पैकेज देगी सरकार

बजट में मुख्यमंत्री समृद्ध परिवार योजना की घोषणा की गई। इसके तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले परिवारों को एक-दो योजनाओं की जगह, उनकी पात्रता अनुसार योजनाओं का पैकेज दिया जाएगा।

### किसानों के क्या खास?

बजट में फसल बीमा योजना के लिए 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सीएम किसान कल्याण योजना के लिए पांच हजार 220 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, धान पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 850 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उज्जैन सिंहस्थ के लिए क्या मिला?

2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ को लेकर सरकार की ओर से बजट में दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे सिंहस्थ को लेकर हो रही तैयारियों में और तेजी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ के कई काम लगातार हो रहे हैं, 2028 तक सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। बजट में लगातार इसके प्रावधान किए जा रहे हैं, इस बजट में 2000 करोड़ दिए जा रहे हैं।

### प्रदेश की रफ्तार बढ़ाने का लक्ष्य

सड़कों और पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए वर्ष 2025-26 में 16 हजार 436 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है, जो वर्ष 2024-25 से 34 प्रतिशत अधिक है। बजट में नई योजना का ऐलान किया गया है, क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना बनाई है। इस योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना प्रारंभ की जा रही है, इसके लिए इस बजट में 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में बताया गया कि अगले पांच सालों में एक लाख किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पांच सालों में 500 रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इस साल 3500 किलोमीटर नवीन सड़कें और 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य है।

### नगरीय विकास के लिए दो हजार करोड़

नगरीय विकास के लिए 18 हजार 715 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है। यह पिछले यानी 2024-25 के बजट से करीब दो हजार करोड़ रुपये ज्यादा है। इससे प्रदेश के शहरों ने स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और जनसुविधाओं के क्षेत्र में अनके कार्य किए जाएंगे।

### जीरो बेस्ड बजटिंग प्रक्रिया अपनाई

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट की शुरुआत में कहा कि इस बार का बजट जीरो बेस्ड बजटिंग प्रक्रिया से तैयार किया गया है। इस प्रक्रिया के माध्यम से बजट में प्रावधानित राशि, सही योजना में, सही आकार और सही परिणाम प्राप्त करने में सार्थक रहेगी। आगामी वर्षों में बजट को और अधिक सार्थक, संतुलित व सरल बनाने के प्रयास रहेंगे।

## पाकिस्तान ने कहा-सभी विद्रोही ढेर, कुछ बंधकों की भी मौतः

# बलूच लड़ाकों का दावा : 60 और पाकिस्तानी सैनिक मारे, आंकड़ा 100 से ज्यादा

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने बुधवार देर 9:30 बजे दावा किया कि ट्रेन हाईजैक गतिरोध खत्म हो गया। सुरक्षाबलों ने सभी 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में कुछ बंधक भी मारे गए हैं। उधर, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कहा कि उसने आज 60 पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिया है, इससे पहले मंगलवार को 40 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की थी। अब तक 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। बीएलए का दावा है कि अब भी 150 बंधक उसकी कैद में हैं। अगर अगले 20 घंटे में पाकिस्तान सरकार ने बलूच कैदियों को रिहा नहीं किया तो इन सभी लोगों को भी मार दिया जाएगा। ट्रेन हाईजैक पर पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे सैनिकों ने कई विद्रोहियों को नरक भेज दिया है।



**पाकिस्तानी सेना बोली- विद्रोही बम लगी जैकेट पहने**

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एयरफोर्स और सेना के जवान बलूच लड़ाकों को घेरे हुए हैं। विद्रोही विस्फोटक से लदे आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, इससे बाकी बंधकों को रिहा कराने में मुश्किल हो रही है। वे इन्हें मानव शील्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

# होली से पहले मुख्यमंत्री योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को दिया तोहफा

**लखनऊ ,एजेंसी।** होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1,890 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, अब यह सुविधा देश में 10 करोड़ परिवारों को फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली और दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। इस बार होली और रमजान एक साथ हैं, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देश भर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग



योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उस समय से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपए की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा। यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई-पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार पांच साल हो गए, हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्प के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अब तक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है।

# निकाय चुनाव में शानदार जीत के लिए जनता-जनार्दन का आभार : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** हरियाणा के नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 में से 9 नगर निगमों में विजय हासिल की है। वहीं, मानेसर से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत का परचम लहराया है। चुनाव में कांग्रेस को एक भी मेयर पद नहीं मिला है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस जीत के लिए मैं प्रदेश की जनता-जनार्दन का आभार जताता हूं। ये जीत जनता की जीत है और ये पीएम मोदी जी की गारंटी और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। हरियाणा में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। निकाय चुनाव के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और उनका धन्यवाद करेंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने फरीदाबाद की जनता का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा, फरीदाबाद के लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ा है और देश भर में ऐसी बड़ी जीत कभी नहीं हुई है। सीएम सैनी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कभी लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया।



# अपार' आईडी न बनाने वाले मदरसों को चेतावनी, समय से काम पूरा न होने पर रद्द हो सकती है मान्यता

**बाराबंकी ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में 38 मदरसों पर मान्यता खत्म होने की तलवार लटकी है। इन मदरसों की तरफ से 'अपार' आईडी बनवाने में लापरवाही की गई है। यह आईडी मदरसों के लिए अनिवार्य की गई है। विभाग की ओर से इनको मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी गई है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी बालेंदु द्विवेदी ने बताया कि अपार आईडी बनाने का काम पूरे प्रदेश में चल रहा है। रमजान में कुछ मदरसे बंद होते हैं। इस कारण यहां पर 'अपार' आईडी बनाने की प्रक्रिया कुछ धीमी है। उनको कई बार मौखिक रूप से चेतावनी दी गई। लापरवाही बरतने वाले 38 मदरसों को कड़ी चेतावनी दी गई हैं। समय पर कार्य पूरा न होने पर नोटिस दी गई है। अगर तय समय पर कार्य पूरा नहीं हुआ, तो मान्यता रद्द भी की जा सकती है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने कहा कि चेतावनी के बाद मदरसा प्रबंधकों की ओर से काम में तेजी लाई गई है। ज्ञात हो कि एक राष्ट्र एक विद्यार्थी की अवधारणा के साथ भारत सरकार ने प्री प्राइमरी से लेकर इंटर तक के सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। जिले में जनवरी से ही 'अपार' आईडी बनाने का काम चल रहा है। एक माह पहले ही समीक्षा होने के बाद निजी व सरकारी स्कूलों को चेतावनी दी गई तो काम कुछ तेज हुआ, लेकिन मदरसों ने कोई तेजी नहीं दिखाई। इस वजह से वहां पर सख्त कदम उठाने की चेतावनी दी गई है।

## राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश को बताया भंगेड़ी, बोलीं:


# भांग पीकर विधानसभा आते हैं, हमें बेइज्जत करते हैं

**पटना ,एजेंसी।** बिहार विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बीच टकराव देखने को मिला। इसके बाद सदन से बाहर निकली राबड़ी देवी ने आरोप लगाया कि सीएम नीतीश भंगेड़ी हैं। वह भांग पीकर विधानसभा आते हैं। वह महिलाओं को अपमानित करते हैं। दरअसल, बिहार विधान परिषद में राबड़ी देवी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हुआ है। इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने राजद सरकार को लेकर बोलना शुरू किया। इसके बाद राजद के सदस्य सदन से बाहर निकल गए। राबड़ी देवी ने बाहर आकर पत्रकारों से कहा, नीतीश कुमार कुछ भी बोलते रहते हैं। महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने सदन में हमें भी अपमानित किया। नीतीश कुमार कहते हैं कि 2005 से पहले कोई कपड़ा पहनता था? उन्होंने केवल मेरा नहीं, पूरे बिहार की महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले काम नहीं होता था, फाइल देखिए कि क्या-क्या काम हुआ था। बिहार की जनता नहीं जानती है क्या? हम लोगों ने महिलाओं, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यकों, सभी के लिए काम किए हैं। उन्होंने कहा कि क्या नीतीश कुमार 2005 के पहले नहीं थे? पत्रकारों से भी उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पहले हुए कामों को नहीं देखा है क्या? पहले बाजार, हाट नहीं था, तो व्यापार कैसे होता था? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दो बार सदन में हमें अपमानित कर चुके हैं।



# उत्तर प्रदेश के संभल में होली को लेकर मस्जिदों को तिरपालों से ढंकने का काम शुरू

**संभल ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल में होली को लेकर सड़क किनारे स्थित मस्जिदों को सुरक्षित करने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से उन्हें तिरपालों से ढंकने की कवायद शुरू कर दी गई है। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि सभी पक्षों की सहमति के बाद होली के मार्ग पर पड़ने वाले सभी मस्जिदों को ढंका जा रहा है। पूर्व की भांति यह व्यवस्था हो रही है। जुलूस के रास्ते में 10 धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें ढंका जा रहा है। दोनों पक्षों के लोगों से इसको लेकर बातचीत की गई है। दोनों ही पक्षों ने इस फैसले पर सहमति जताई है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने त्योहारों से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि शांति समिति की बैठकें की गई हैं। इसके साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा गया है और त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी हो रही है। पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हुए बवाल के बाद यहां पर प्रशासन खास चौकसी बरत रहा है।



## जम्मू कश्मीरः देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं सहन होगा

# गृह मंत्रालय ने JKIM पर पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**जम्मू,एजेंसी।** गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। गृह मंत्रालय ने जारी किए गए एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस फैसले के बाद, जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है। गृह मंत्रालय के इस निर्णय को देशभर में सुरक्षा मामलों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यक कदम है।



# विधायक छर्रा एवं मण्डलायुक्त ने 05 लाभार्थियों को प्रदान किए ट्रैक्टर

## मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत अलीगढ़ के 04 व एटा के 01 किसान हुए लाभान्वित



**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न पुरस्कार प्रदान करती है, जिनमें ट्रैक्टर भी शामिल हैं। यह योजना किसानों को मंडियों में अपनी उपज बेचने के लिए प्रेरित करती है, जिससे उन्हें लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कार जीतने का अवसर मिलता है। उक्त उद्गार बुधवार को मा0 विधायक छर्रा ठा0 रवेन्द्र पाल सिंह ने कमिश्नरी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का मानना था कि यदि किसान गरीब होगा, तो भारत समृद्ध नहीं हो सकता। इसलिए, अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, डबल इंजन सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे दुनिया इसे एक मॉडल के रूप में देख रही है। इस दौरान मा0 विधायक छर्रा एवं मंडलायुक्त संगीता सिंह ने बम्पर ड्रा के रूप में विभिन्न मण्डियों - खैर मण्डी से राजकुमार एवं रनवीर सिंह, धनीपुर से सतेन्द्र पाल, अतरौली से बनी सिंह एवं अवागढ़ (एटा) से सुनील कुमार को 35 हॉर्सपावर का सोनालिका ट्रैक्टर की चाबियाँ सौंपीं। आयुक्त संगीता सिंह ने कहा कि कृषक उपहार योजना के माध्यम से, सरकार किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण प्रदान करके उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में सहायता कर रही है, जिससे उनकी आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की जांच समिति ने ''शिक्षा का व्यावसायीकरण'' विषय पर की समीक्षा

## अलीगढ़ द्वारा रखे तथ्यों पर असंतोष प्रकट करते हुए समिति में लखनऊ में बैठक कराने के दिए निर्देश, अन्त्योदय की भावना को धरातल पर मूर्त रूप देना समिति का उद्देश्य



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद ''शिक्षा का व्यावसायीकरण जांच समिति'' द्वारा सर्किट हाउस सभागार में मा0 सभापति एवं सदस्य विधान परिषद डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में समिति के सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक, श्री अंगद कुमार सिंह, श्री अविनाश सिंह चौहान, प्रो0 तारिक मंसूर, उप सचिव धनंजय सिंह के साथ ही जिलाधिकारी संजीव रजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, अपर आयुक्त एवं रजिस्ट्रार राजा महेन्द्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय वी0के0 सिंह, सीडीओ हाथरस सुरेश चन्द्र केसरवानी, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी क्राइम ममता कुरील, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीआईओएस डा0 सर्वदानंद, बीएसए राकेश कुमार सिंह समेत अलीगढ़ व हाथरस के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभापति डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने समिति के कार्य एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि हम यहां विधान परिषद के लघु सदन के रूप में यहां बैठे हैं। समिति का उद्देश्य किसी को उलाहना देना नहीं बल्कि अन्त्योदय की भावना को साकार करना है और यहां हुई बैठक के माध्यम से बहुत सारे अनुभव साझा करते हुए सभी के हित की बात निकालना है। बैठक में जनपद अलीगढ़ द्वारा रखे गए तथ्यों पर समिति के सदस्यों ने असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि यह सारहीन हैं, इनसे समिति को कोई विवरण प्राप्त नहीं हो रहा है। मा0 सभापति ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि व्यक्तिगत रूप से समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए एजेण्डा के अनुसार संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करें और समिति से आगामी बैठक के लिए तिथि निर्धारित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति की बैठक लखनऊ में आयोजित की जाएगी। सीडीओ हाथरस ने जनपद हाथरस की बिन्दुवार में बताया कि जिले में 01 राजकीय और 01 अनुदानित पॉलिटैक्निक, 13 निजी फार्मेसी, 01 राजकीय आईटीआई, 48 निजी आईटीआई एवं 01 निजी इंजीनियरिंग संस्थान है। इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ विगत वर्षों में दुर्घटना की समीक्षा में मा0 सभापति ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में मात्र 12 रूपये में होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में विद्यार्थियों को पंजीकृत कराया जाए। समिति द्वारा इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एवं डिप्लोमा के लिए एडमीशन के समय ली जाने वाली काशन मनी धनराशि को शत-प्रतिशत वापसी के निर्देश दिए गए। विभिन्न बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों के अपनी मान्यता से उच्च कक्षाओं के संचालन पर जांच कराते हुए विद्यालयों में प्रदत्त मान्यतानुसार ही कक्षाएं संचालित कराने के निर्देश दिए गए। स्कूली वाहनों के पंजीयन के समय दिए गए पते और उनके संचालन के पते की विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी से समन्वय कर एकरूपता करने के निर्देश दिए। जिले में 15 वर्ष से अधिक के 25 स्कली वाहन और बिना पंजीयन वाले 26 स्कूली वाहनों को बंद कराया गया है। समिति द्वारा सभी स्कूली वाहनों में जीपीएस व सीसीटीवी के साथ ही चालक, परिचालक व सहायक की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए उनका पुलिस वैरिफिकेशन कराते हुए आरटीओ व पुलिस विभाग को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मिड-डे-मील की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए उच्चाधिकारियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के औचक निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। मिड-डे-मील रसोईयों का माह फरवरी तक का भुगतान होना पाया गया। हाथरस में 1308 शिक्षामित्र कार्यरत हैं जिनमें से 18 अवैतनिक अवकाश पर एवं 24 का लम्बे समय से शिक्षण कार्य न करना बताया गया, समिति ने ऐसे शिक्षामित्रों को निश्चित समयान्तराल पर नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। मा0 समिति ने आरएमपीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालयों में प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की 03 माह में व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी विद्यालयों में अध्ययनरत 0-5, 05-10, 10-15 एवं 15 वर्ष से ऊपर के छात्रों की संख्या के अनुसार प्राथमिक चिकित्सा किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही 06 माह बाद उसका रिव्यू करने के निर्देश दिए। राइट टू एजुकेशन का सभी बोर्ड के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेशों का अनुपालन कराते हुए पात्र छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने के निर्देश दिए गए। नगरीय क्षेत्र में 50 मीटर, नगरपालिका क्षेत्र में 75 मीटर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 100 मीटर की परिधि में स्कूलों एवं कॉलेज के आसपास शराब एवं तम्बाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंधित किए जाने के लिए संबंधित प्रधानाचार्य के माध्यम से शिकायत प्राप्त करते हुए जिलास्तरीय बैठक कर थानावार अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिलधिकारी ने मा0 समिति का जिले में आगमन पर आभार प्रकट करते हुए आश्वस्त किया कि जो भी कमियां परिलक्षित हुई हैं उनमें सुधार कराते हुए बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जी ने 1890 करोड़ से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण का किया शुभारंभ

## कलैक्ट्रेट में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कर 100 पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक तौर पर चैक एवं गैस सिलेंडर का हुआ वितरण, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक छर्रा एवं एमएलसी ने लाभार्थियों को किया लाभान्वित, 505 रूपये 86 पैसे की सब्सिडी सीधे उज्वला लाभार्थी के खाते में जाएगी



**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1890 करोड़ के व्यय भार से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण अभियान का शुभारंभ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ में किया गया।

रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम का कलैक्ट्रेट सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के कर कमलों से स्थानीय स्तर पर 100 पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक तौर पर चौक एवं गैस सिलेंडर प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1,890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की है। यह पहल राज्य सरकार की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत उज्ज्वला लाभार्थियों को वर्ष में दो बारकृदिवाली और होली के मौके पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान किए जाते हैं। इससे पहले, दिवाली के अवसर पर भी मुफ्त सिलेंडर वितरित किए गए थे, जिससे प्रदेश के गरीब परिवारों को राहत मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए उन्हें निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है। यह उनके सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन का प्रतीक है। प्रदेश सरकार द्वारा हर प्रकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी की जा रही है। विधायक छर्रा ठा0 रवींद्र पाल सिंह ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी की दूरगामी सोच के तहत ऐसा पहली बार हो रहा है जब देशभर में करोड़ों परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि 2016 में उज्ज्वला योजना न आई होती तो बहुत से लोग बीमारी की चपेट में आ गए होते। उज्ज्वला ने व्यक्ति ही नहीं बल्कि परिवारों के जीवन को सुरक्षित किया है। वर्तमान सरकार में बिना किसी भेदभाव के पात्र एवं जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल रहा है।

एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि पहले माताऐं, बहनें एवं बेटियां जंगल-जंगल लकड़ी बीनने पर मजबूर थीं। चूल्हा फूँकते-फूँकते आंखों एवं फेफड़ों में गंभीर रोग हो जाते थे। इस योजना ने स्वास्थ्य संवर्धन के भी कार्य किया है। एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार ने कहा कि उज्ज्वला का संबंध लक्ष्मी के गृह प्रवेश के साथ स्वास्थ्य से भी है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कन्या के जन्म से लेकर विवाह तक की चिंता की जा रही है। खाना पकाने के लिए रसोई गैस और बीमारियों से निजात दिलाने के लिए गोल्डन कार्ड के साथ निःशुल्क राशन भी दिया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह ने बताया कि जनपद में 03 लाख 20 हजार उज्ज्वला लाभार्थी हैं। गैस एजेंसी के माध्यम से प्रमाणीकरण कराने वाले लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी की धनराशि पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि एक उज्ज्वला लाभार्थी को राज्य सरकार द्वारा 505 रूपये 86 पैसे की सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन मनोज राजपूत द्वारा किया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने दिए प्रतीकात्मक चैक एवं सिलेंडर

जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप में सरोज देवी, आशा देवी, तमन्ना, पुष्पा देवी, भगवान देवी, सुशीला देवी, राजरानी, कस्तूरी देवी, शांति देवी, दुर्गेश देवी एवं सुषमा को चैक व सिलेण्डर वितरित किए गए।

# होली पर्व को लेकर एडिशनल एसपी ने परखी व्यवस्था



**कुरावली।** बुधवार को होली पर्व को लेकर एडिशनल एसपी अनिल कुमार तथा एसडीएम आरएन वर्मा ने पुलिस कर्मियों के साथ नगर में जीटी रोड तथा सदर बाजार में पैदल गश्त करते हुए व्यवस्थाएं देखी तथा लोगों से शांति व सद्भाव के साथ होली मनाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर शिवकुमार दोहरे, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजयसिंह, उप निरीक्षक रहीस पाल, सतीश चंद्र, खुशीराम कांस्टेबल बहादुर सिंह, दीपू हार्दिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दबंगों ने किसान के साथ की मारपीट

**कुरावली।** पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने किसान के साथ मारपीट कर दी घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला धनी निवासी रामविरेश पुत्र रामसनेही बीते मंगलवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे अपने खेत मे पानी लगाने के लिए गया था। खेत मे पानी लगाते समय पडोसी गाँव नगला देशी निवासी रामकिशन पुत्र जागन सिह अपने 2-3 साथियो के साथ हथियारो और लाठी डण्डो फावडा आदि लेकर आ गये और पूर्व की बातो को लेकर गालियाँ देना शुरू कर दिया। रामविरेश ने विरोध किया तो आरोपियो ने असलाह, लाठी डण्डो व फावडा से हमला कर दिय जिससे रामविरेश के हाथ तथा शरीर मे चोटे आ गई । रामविरेश के चीखने चिल्लाने पर पड़ोसी खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# दूरा में माहौल बिगड़ना को दो स्थानों पर होली में लगा दी आग

## ग्रामीणों ने 1 घंटे किया रोड जाम, पुलिस ने आरोपियों को भेजा जिला कारागार



**किरावली।** तहसील क्षेत्र के गांव दूरा में मंगलवार की रात्रि को 10-15 बजे शरारती तत्वों के लोगों ने शराब के नशे में धुत होकर गांव में दो स्थानों पर रखी होली में आग लगाकर माहौल बिगाने की कोशिश की गई। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया लोधी राजपूत धर्मशाला के सामने होली पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी जिसके बाद टीकरी अरहेरा मोड पर स्थित होली में भी आग लगा दी गई। जिसकी लपेटे देख ग्रामीणों ने होली स्थल की ओर दौड़ पड़े । होलिका दहन से पहले होली में आग लगा अपसुगन माना जाता है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बन गया था। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि गांव टीकरी निवासी रंजीत उर्फ जग्गा पुत्र शिव मोहन, अर्जुन पुत्र भागमल सिंह , एवं देवेंद्र उर्फ नंदी ने होली में आग लगाकर सांप्रदायिक माहौल को बिगड़ने की कोशिश की गई है पुलिस की सक्रियता से चलते माहौल को शांत कर रखा था पुलिस द्वारा रात्रि में आरोपियों की गांव में दबिश दी गई। ग्रामीण ने प्रात 10-00 बजे दूरा चौराहे पर रोड जाम कर संप्रदाय माहौल बिगड़ता वाले आरोपियों को पकड़ने की मांग की जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया की सक्रियता के चलते सांप्रदायिक माहौल बिगड़ता वाले आरोपी रंजीत उर्फ जग्गा को पुलिस ने पकड़ लिया जाम लगने वाले प्रदर्शनकारियों को उसके फोटो दिखाकर जाम को खुलवाया गया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया ने बताया होली में आग लगने वाले तीनों आरोपियों को पकड़ कर जिला कारागार भेज दिया गया है।

### विद्युत पंच जलने से आधा गांव में छाया अंधकार

दूरा में लोधी राजपूत धर्मशाला के सामने होली स्थल के ऊपर से गुजर रही विद्युत पंच जा रहा है।हर वर्ष होलिका दहन से पहिले पंच को हटा दिया जाता है लेकिन शरारती तत्वों ने माहौल बिगड़ने लिए होली में आग लगाने से पंच जलकर राख हो गई। जिससे आधे गांव की विद्युत बन्द हो से अंधकार छा गया। सुबह लाइनमैनों को पंच को नहीं जोड़ने दिया। आरोपी पकडने के बाद पंच को जोड़ा गया।जिसके बाद दो बजे विद्युत सुचारु हुई।

# भारतीय न्याय चक्र फाउंडेशन का होली मिलन समारोह संपन्न

**हाथरस।** गत वर्ष की भांति इस बार भारतीय न्याय चक्र फाउण्डेशन के बीर सिपाहियों ने होली मिलन समरोह का आयोजन बडी धूमधाम से किया। होली का सतरंगी त्यौहार होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम में हास्य व्यंग की कविताओं का रसपान कर किया, तथा एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दीं। बुधवार को सासनी-रूदायन मार्ग से लहोर्रा मार्ग की ओर जाने वाले अजीत नगर के पीछे पुरानी कचहरी के सामने राष्ट्रीय कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने होली मिलन समारोह में का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ व्यंग कवि वीरेन्द्र जैन नारद के मां सरस्वती पाठ के साथ शुरू किया गया। कार्रक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु मिश्रा ने कहा कि संगठन मजलूम और पीडितों की सहायता के लिए सदैव तत्पर है। वहीं मौजूद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तो कार्रक्रम में हास्य व्यंग के कवियों की कविताओं का भी भरपूर आनंद लिया। होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम में मुरारी लाल मधुर ने सुनाया - होली खेल रहे नंदलाल बिरज में होरी है इस के बाद हास्य कवि वीरपाल सिंह वीर ने सुनाया-प्रेम के रंग में डूब गए सब होरी के मतवारे गुजिया खाकर मस्त हो गए होरी के हुरियारे ।

इसके बाद सुनील शर्मा ने सुनाया-वोऔर ही होंगेजो गम में त्रस्त हैं हम तो होली के रंगों में मस्त हैं। तत्पश्चात संचालन कर रहे व्यंग कार कवि वीरेन्द्र जैन नारद ने सुनाया - मेरी बीवी तेरे घर तेरी बीवी मेरे घर तुझे पता ना मुझे खबर होली के रंगों में तर अब काहे का कैसा डर होली का है यह अवसर मेरी बीवी तेरे घर तेरी बीवी मेरे घर इसके उपरांत संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है:-

**क्रम सं.-1,** ई-निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2025-01, कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के आरएमयू-एलकेयू सेक्शन में 28 लेवल क्रॉसिंग के बदले आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिये व्यवहार्यता अध्ययन, सर्वेक्षण और डीपीआर तैयार करना। अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 2,12,67,911.76, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,56,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 (छः) माह।

♦बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 19-03-2025 ♦उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 02-04-2025, 15:00 बजे तक। ♦उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 02-04-2025, 15:30 बजे। ♦निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति,

मुजाधि/डब्लू-442 इज्जतनगर

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**


# लाभार्थियों को होली पर प्रभारी मंत्री ने निशुल्क गैस रिफिल की बांटी धनराशि



**हाथरस ।** प्रभारी मंत्री/मा0 मंत्री महिला कल्याण बल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 शासन श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने मा0 जनप्रतिनिधिगणों एवं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल हेतु राज्य सरकार द्वारा दी जा रही धनराशि रूपये 508.14 के प्रतीकात्मक चैक वितरण कर होली के त्योहार की हार्दिक शुभकामनाऐं दी।

उज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल धनराशि रूपये 508.14 के प्रतीकात्मक चैक वितरण संबंधी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। मा0 प्रभारी मंत्री, मा0 जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने मा0 प्रधानमंत्री जी तथा मां मुख्यमंत्री जी के उद्यबोधन को सुना।

इस अवसर पर मा0 प्रभारी मंत्री/मा0 मंत्री महिला कल्याण बल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 शासन श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने कहा कि उज्जवला योजना के प्रत्येक लाभार्थी को दीपावली व होली के अवसर पर निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके लिए केन्द्र सरकार की ओर से 334.78 रूपये एवं उ0प्र0 सरकार की ओर से 508.14 रूपये की सब्सिडी दी जा रही है। इस प्रकार कुल 1.86 करोड़ पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिल कराकर कुल 1890 करोड़ रूपये की सब्सिडी उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करने का प्रावधान किया गया है। जनपद में उज्जवला योजना के लाभार्थियों हेतु लगभग 17 करोड़ रूपये की सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होनें ने कहा कि होली पर खुशियों का उपहार डबल इंजन की सरकार की मंशा है कि गरीब के घरों का चूल्हा जलता रहें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने इसके लिए उन्होंने उपस्थित महिला लाभार्थियों से विभागों द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित करें और आर्थिक रूप से अपने परिवार का सशक्त बनाएं। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों एवं अन्य सभी को होली के त्यौहार की हार्दिक बधाई दी। विधायक सदर, मा0 विधायक सि0राऊ व जिलाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने उपस्थित माननीय प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित मा0 जनप्रतिनिधिगाणें का आभार व्यक्त किया एवं होली के त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान अंजुला माहौर मा0 विधायक हाथरस, वीरेन्द्र सिंह राणा मा0 विधायक सिकन्द्राराऊ एवं जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिंहा, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 डा0 बसंत अग्रवाल, उप जिलाधिकारी हाथरस, उप जिलाधिकारी सादाबाद, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, जिला सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।

# रोडवेज बसों में आमने-सामने से हुई भीषण भिड़न्तःचालक की मौतः 18 घायलः4 रेफर

**हाथरस।** थाना चंदपा क्षेत्र के आगरा अलीगढ़ राजमार्ग स्थित गांव मीतई के पास आज तड़के सुबह दो रोडवेज बसों में आमने-सामने से भीषण भिड़न्त हो गई । हादसे में एक बस के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों बसों में सवार कुल 18 यात्री घायल हो गए। इनमें से 4 यात्रियों की स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है। घटना से दोनों बसों में सवार यात्रियों में भारी चीख पुकार मच गई और मौके पर थाना पुलिस भी पहुंच गई। बताया जाता है थाना चंदपा क्षेत्र के आगरा अलीगढ़ राजमार्ग स्थित गांव मीतई पर आज तड़के सुबह तड़के करीब 3-30 बजे दो रोडवेज बसों में आमने-सामने की भीषण भिड़न्त हो गई और इनमें से एक बस हाथरस डिपो की तो दूसरी आगरा से हाथरस की ओर आ रही थी, जबकि दूसरी बस उत्तराखंड डिपो की थी और देहरादून से आ रही थी। रात का समय होने और हेडलाइट की तेज रौशनी के कारण दोनों चालक एक-दूसरे को देख नहीं सके और आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। उक्त घटना में एक रोडवेज बस के चालक की दर्दनाक मौत हो गई और उसकी पहचान हाथरस डिपो के बस चालक विजय सिंह (52 वर्ष) के रूप में हुई है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 4 यात्रियों को अलीगढ़ रेफर किया गया है।

जबकि शेष 14 यात्रियों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।बताया जाता है उक्त बसें विपरीत दिशा से आ रही हाथरस डिपो और उत्तराखंड डिपो की दो बसें टकरा गई। हादसे में मृतक चालक विजय सिंह जिले के थाना सादाबाद क्षेत्र के गांव टिकैत का रहने वाला है। घटना की खबर से मृतक रोडवेज बस चालक के परिजनों में भारी कोहराम मच गया है और होली के त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई है।हादसे में दोनों बसों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर जाम सा लग गया। उक्त हादसे में घायल यात्रियों में उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी राजेंद्र सिंह, बदायूं के भानपाल, हर्ष, राजकुमार, आगरा निवासी राहुल, सहपऊ निवासी जयवीर, पवन, भावना, तमन्ना, उधम सिंह नगर निवासी यूनुस, मुरादाबाद निवासी अरुण कुमार, अलीगढ़ के कमल कुमार सहित अन्य शामिल हैं।घटना की राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एम्बुलेंस 108 के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने बस चालक विजय सिंह को मृत घोषित कर दिया गया।वहीं गंभीर रूप से घायल यूनुस, राजेंद्र सिंह, भानपाल व एक अन्य को बेहतर इलाज के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।घटना के बाद मौके पर जाम की स्थिति हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों दुर्घटनाग्रस्त बसों को सड़क किनारे करवाकर ट्रैफिक सुचारू करवाया। पुलिस ने दोनों बसों को कब्जे में ले लिया है। मृतक चालक विजय सिंह के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 100 क्वार्टर अवैध देशी शराब सहित 3 गिरफ्तार

हाथरस- । पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 100 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । गिरफ्तार लोगो में मुकेश कुमार पुत्र अमर सिहं निवासी अईयापुर छोटा, सूरज पुत्र गिर्राज निवासी काशीराम कालौनी व शिवशंकर उर्फ सैट्टी पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला चौबे हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरीश चन्द्र मय टीम शामिल थे ।

# बेकरी में हुई चोरीः पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

## 2.48 लाख कैश सहित स्कूटी, घड़ी और विदेशी करेंसी बरामद

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** संजय पैलेस स्थित दुकान में सनसीखेज हुई चोरी का 48 घण्टे में हुआ खुलासा दुकान की खिड़की तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि 10.03.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना हरीपर्वत पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित की अटलांटिक बेकरी के नाम से संजय पैलेस में दुकान है। पीड़ित किसी काम से बाहर गया हुआ था, 04 दिन से दुकान पर नहीं था। 10.03.2025 को सुबह अपनी दुकान पर आया तो दुकान की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था, दुकान से 01 मोबाइल फोन, नगदी, कागजात व आभूषण चोरी हो गये है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। उपरोक्त चोरी की घटना के शीघ्र खुलासे, माल बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तागी के लिए थाना हरीपर्वत पर पुलिस टीम का गठन किया गया। 12 मार्च दिन बुधवार को थाना प्रभारी हरीपर्वत एवं प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय महाडिक के नेतृत्व में थाना क्षेत्रान्तर्गत गस्त/चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पालीवाल पार्क के पास से 02 अभियुक्तों बिल्ला उर्फ विनोद पुत्र कैलाश निवासी मीरपुर थाना पिसावा अलीगढ़ व सुनील पुत्र दिनेश निवासी गिहार बस्ती थाना हरीपर्वत आगरा को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 2,48,940 , रुपए 01 अंगूठी, 01 कड़ा, विदेशी मुद्रा, हथौड़ा, प्लास, 04 घड़ी, 01 मोबाइल फोन व 01 स्कूटी बिना नम्बर की बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का 48 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण किया गया।



**पकड़े गए अभियुक्त है जीजा साले एक हैं बेकरी में मेनेजर**

पुलिस पुछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बाताया गया कि दोनों अभियुक्त आपस में रिश्तेदार है, अभियुक्त बिल्ला ने बताया कि वह अटलांटिक फूड के मालिक की वजीरपुरा स्थित अपोलो बेकरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है, वह पिछले 20 वर्षो से उनके साथ काम कर रहा है, उक्त बेकरी का दिन भर का कलेक्शन उसको अभियुक्त मेन बेकरी संजय पैलेस पर जमा करने जाता था, बेकरी के मालिक 08 तारीख को किसी काम से बाहर गये थे जिस कारण से दोनों बेकरी का कलेक्शन बैंक में जमा नहीं हो पाया था। अभियुक्त ने इस बात का फायदा उठाकर अपने साले सुनील को दुकान में चोरी करने के लिए बताया और समझाया कि दुकान यदि इस समय चोरी की जाये तो दुकान में काफी माल मिल सकता इसके लिए अभियुक्त ने अपने साले से दुकान की रेकी करायी और फिर हम दोनों ने पूर्व योजना के तहत 09 10.03.2025 की रात को दोस्त की स्कूटी माँग ली और उसकी नं प्लेट को हटा दिया। जिसके बाद दोनों अभियुक्तां से दुकान से चोरी करने के बाद सामान लेकर मौके से भाग गये। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में बिल्ला उर्फ विनोद पुत्र कैलाश निवासी मीरपुर थाना पिसावा अलीगढ़ और. सुनील पुत्र दिनेश निवासी गिहार बस्ती थाना हरीपर्वत आगरा है पुलिस दोनों अभियुक्तों को जेल भेज रही है।

# सीएम योगी ने होली से पहले महिलाओं को दिया मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जनपद आगरा के 03 लाख 30 हजार लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की मिली सौगात, होली के त्यौहार पर खाते में सिलेंडर रिफिल राशि मिलने पर महिलाओं के खिले चेहरे

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** होली के ठीक पहले बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जनपद के 03 लाख 30 हजार पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर के लिए सब्सिडी वितरित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर सभी के बैंक खातों में एक साथ धनराशि भेजी। आगरा के विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की 150 महिला लाभार्थियों को सब्सिडी के चैक प्रदान किए गए। आगरा के विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया व महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह की गरिमामई उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ?1,890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न स्थानों से आईं 150 महिला लाभार्थियों को लगभग 503 रुपए की सब्सिडी के चैक का मा.जिला पंचायत अध्यक्ष तथा महापौर महोदया द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि पहले गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई गई है। होली- दिवाली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। इस बार होली और रमजान एक साथ है, सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश में करीब दो करोड़ लोग इस योजना से लाभांवित हुए हैं। 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दिवाली में मुफ्त गैस सिलेंडर देंगे। तब से हर वर्ष यह योजना चल रही है, ताकि लोग त्योहार अच्छे से मना सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश सरकार ने हमें डबल खुशी दी है कि एक तो होली के सुअवसर पर गैस सिलेंडर और दूसरा वो भी मुफ्त। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच है कि धुआं रहित ईंधन से महिलाओं स्वास्थ्य के साथ- साथ पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार महिलाओं के स्वावलंबन, सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित कर रही हैं। उन्होंने सभी से अपेक्षा की देश के प्रधानमंत्री जी का विजन है कि 2047 तक देश विकसित राष्ट के रूप में विश्व पटेल पर प्रदर्शित हो इसके लिए हम सभी को को कार्य करना है। महापौर हेमलता दिवाकर ने महिला लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद आगरा में उज्ज्वला योजना के लगभग 3 लाख 30 हजार लाभार्थी है, जिनमें से 150 महिला लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से आज बुलाकर रिफिल सब्सिडी के चेक दिए गए और सब्सिडी की धनराशि उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर हस्तांतरित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पूर्व में दी जाने वाली अनुदान राशि को 1 अप्रैल से बढ़कर एक लाख कर दिया है। इसी तरह जो बालिकाएं प्रथम स्थान प्राप्त करेंगी उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहन के तौर पर स्कूटी दी जाएगी। हमारी केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है, इसके अलावा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को भी युवा उद्यमी योजना के माध्यम से आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक के लिए योजनाओं के माध्यम से उन्हें उज्जवल भविष्य दे रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि जनपद में 03 लाख 30 हजार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थी हैं जिनमें इंडियन ऑयल कंपनी के अंतर्गत 01 लाख 69 हजार, बीपीसीएल के 70 हज़ार, तथा एचपीसीएल के 89 हजार लाभार्थी हैं जिन्हें होली के त्यौहार से पूर्व सब्सिडी भेजी जा रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खाली मकान में चल रहा था जुआ, 11 जुआरी पकड़े

## होली से पहले आगरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1.25 लाख कैश ताश के पत्ते बरामद




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना रकाबगंज के बालूगंज स्थित खाली मकान में जुआ चल रहा था। जीत हार की बाजी लगाई जा रही थीं। इसी बीच पुलिस पहुंच गई और 11 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। इनके पास से तीन ताश के पत्ते, की गड्डी व छह मोबाइल फोन और 1.25 लाख रुपये बरामद किए हैं।

**सज थी जुए की महफिल**

होली से पहले आगरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बालूगंज स्थित खाली पड़े मकान में जुए की महफिल सजी हुई है। इस सूचना पर थाना रकाबगंज की पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि इस खाली मकान में हार जीत के दांव लगाए जा रहे थे। आसपास नोट बिखरे हुए थे। पुलिस को देखकर जुआरी सकपका गए। 1 2 जुआरियों ने भागने इधर उधर छुपने की कोशिश भी की लेकिन पुलिसकमियों ने उन्हें पकड़ लिया। मौके से 11 जुआरी पुलिस हत्थे चढ़े हैं।

**इनको किया गिरफ्तार**

इन पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने छापा मार करवाई में जोनी पुत्र बनवारी लाल निवासी चीलगढ़ रोड थाना रकाबगंज आगरा पिन्टू पुत्र बनवारी लाल निवासी चीलगढ़ रोड थाना रकाबगंज आगरा। वसीम पुत्र अमीर खां निवासी छीपीटोला थाना रकाबगंज आगरा। नरेन्द्र पुत्र शिशुपाल निवासी औलिया रोड थाना रकाबगंज आगरा। रोहित पुत्र बबली निवासी औलिया रोड थाना रकाबगंज आगरा।भानू उर्फ जितेन्द्र पुत्र चन्दन सिंह निवासी औलिया रोड छीपिटोला थाना रकाबगंज आगरा।सुनील सोनकर पुत्र प्रेम सोनकर निवासी बेनी सिंह स्कूल के पास बालूगंज थाना रकाबगंज आगरा। लवीस पुत्र रहीश निवासी छीपीटोला थाना रकाबगंज आगरा। विनय पुत्र विजय निवासी चीलगढ़ औलिया रोड थाना रकाबगंज आगरा।शिवा पुत्र जग्गु निवासी चीलगढ औलिया रोड थाना रकाबगंज आगरा। पिन्टू पुत्र ओमप्रकाश निवासी औलिया रोड छीपीटोला थाना रकाबगंज आगरा को मौके से गिरफ्तार किया है।

**त्योहार पर सक्रिय हुए जुआरी**

त्योहार से पहले ही जुआ और सट्टा खेलने वालों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होती है। इसको लेकर पुलिस लगातार अभियान भी चलती रहती है। फिर भी यह लोग बाज नहीं आते। अब पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। शहर में ऐसे ही जुआरियों की धर पकड़ के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मुखबिरों के माध्यम से मिल रहीं सूचनाओं की भी पुष्टिक की जा रही है। खाली पड़े मकान और प्लाट पर पुलिस की खासी नजर है।

# होली पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने की स्पेशल तैयारी

- होली पर आगरा परिक्षेत्र से 672 बसों का संचालन करेगा यूपी रोडवेज
- आगरा- दिल्ली रूट पर रोडवेज ने लगाई 160 बसें, जरूरत पर बढ़ेंगे फेरे
- दिल्ली- आगरा रूट पर हर घंटे पर मिलेगी बसें, यात्रियों को होगी सुविधा

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा -12 मार्च, आगरा। होली पर अपने घर जाने के लिए अब किसी यात्री को परेशानी नहीं होगी। योगी सरकार के निर्देश पर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने विशेष तैयारी की है। यूपी रोडवेज ने होली पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए आगरा परिक्षेत्र से 672 बसों को सड़कों पर उतारा गया है। सबसे अधिक 160 बसें आगरा- दिल्ली रूट पर लगाई गई हैं। आगरा आईएसबीटी से दिल्ली के लिए हर घंटे पर बस मिलेगी। गुरुग्राम, गाजियाबाद और नोएडा के लिए सबसे ज्यादा बसें लगाई गई हैं। इसके साथ ही जयपुर, लखनऊ और कानपुर के लिए भी बसों में इजाफा किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक, आगरा परिक्षेत्र बीपी अग्रवाल ने बताया कि होली पर आगरा परिक्षेत्र से 672 बसों का संचालन किया जाएगा। सबसे अधिक 160 बसें आगरा- दिल्ली रूट पर लगाई गई हैं। दिल्ली, गाजियाबाद, गुरुग्राम से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के फेरे बढ़ाए हैं। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेस- वे के अलावा आगरा- दिल्ली राजमार्ग से भी बसों का संचालन किया जा रहा है। आईएसबीटी आगरा से दिल्ली काले खां बस अड्डा, आनंद विहार बस अड्डा, गाजियाबाद, नोएडा के लिए हर घंटे पर बस मिल सकेगी। होली तक लंबे रूट जयपुर, लखनऊ, कानपुर पर भी सर्वाधिक बसें दौड़ेंगी। इसके लिए जयपुर- आगरा- लखनऊ रूट पर 80 बसें लगाई गई है। जयपुर, भरतपुर, ग्वालियर आदि के लिए भी ईदगाह बस अड्डे से बसों का संचालन किया जा रहा है। हर रूट पर बसों के फेरे बढ़ाए हैं। इसके लिए एआरएम और अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई हैं।

**होली पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

बीपी अग्रवाल ने बताया कि होली के पर्व पर जो भी चालक, परिचालक एवं वर्कशॉप से संबंधित कर्मचारी 8




मार्च 2025 से बस के संचालन में विशेष भूमिका निभाते हुए कार्य करेंगे, उनको शासन के दिशा- निर्देश अनुसार प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो भी चालक, परिचालक लगातार 10 दिन की ड्यूटी करते हुए 300 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से बस के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनको सैलरी से अलावा 3500 रुपए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही जो 11 दिन लगातार ड्यूटी करते हुए 3300 किलोमीटर बस के संचालन को जारी रखेंगे, उन्हें 4400 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप दिए जाएंगे। इसी तरह वर्कशॉप में कार्य करने वाले कर्मचारियों को 10 दिन के लिए 1500 रुपए एवं 11 दिन के लिए 1800 रुपए प्रोत्साहन राशि देने की योजना है। बता दें कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा होली के अवसर को देखते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। जिससे कि यात्रियों को किसी प्रकार से दिक्कत ना हो। इसी कड़ी में यह प्रोत्साहन राशि भी दी गई है, ताकि सभी कर्मचारी खुशी के साथ अपने कार्य को कर सके।

# बदमाशों ने टमाटर से भरी गाड़ी लूटीः बरहन क्षेत्र में तमंचा लगाकर की वारदात, चोरी की बाइक को मौके पर छोड़कर भागे

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना बरहन क्षेत्र में कासंगज से टमाटर लोड कर आगरा मंडी जा रही पिक अप लोडिंग गाड़ी को आगरा जलेसर रोड पर गांव जमाल नगर भेंस के पास बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया। बदमाश तमंचा लगाकर टमाटर से भरी मैक्स गाड़ी लूट ले गए। बदमाश जिस बाइक से आये थे उसे सादाबाद क्षेत्र से लूट कर लाये थे, जिसे घटना स्थल पर छोड गए। घटना की सूचना देने के एक घंटे बाद थाना पुलिस मौके पर पहुची । कासंगज निवासी चालक मुनेन्द्र पुत्र सोरन सिंह के मुताविक सोमवार अल सुबह तकरीबन दो बजे वह कासंगज के अमापुर से मैक्स पिकअप गाड़ी में टमाटर आगरा मंडी ला रहे थे। तभी थाना बरहन क्षेत्र के गांव जमाल नगर भेंस के समीप ओवर ब्रिज पर एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने सामने बाइक लगा कर पिक अप गाडी को



रोक लिया। गाडी रुकते ही बदमाशों ने चालक और टमाटर के मालिक किसान प्रेम शंकर के साथ मारपीट की। तमंचे के बल पर गाड़ी लूट ले गये। मुनेन्द्र द्वारा नजदीकी गांव पहुंच कर 112 पर फोन पुलिस को सूचना दी गई । सूचना के एक घंटे बाद थाना पुलिस मोंके पर पहुंची। मुन्नेष ने बताया कि जिस बाइक से बदमाश आये थे उसे घटना स्थल पर छोड कर चले गये। बताया गया है कि वह बाइक सादाबाद से लूटी गई थी। गाडी में 110 क्रेट टमाटर लदे हुये थे। एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय ने बताया कि बदमाश लोडिंग गाड़ी को ले गए है। घटना के खुलासे के लिये एसओजी , सर्विलांस और थाने की टीमें लगाई गई है। सीसी टीवी कैमरे देखे जा रहे है।

# पंचायत को बनाया जायेगा मॉडल सोलर ग्राम, केन्द्र सरकार से मिलेगा रू0 एक करोड़ का अनुदान

## मॉडल सोलर ग्राम के घरों में सोलर लाइट सिस्टम, कृषि के लिए सौर पम्प तथा गांव की मुख्य सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर भी की जायेगी सोलर लाइट की व्यवस्था

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/परियोजना अधिकारी यूपीनेडा श्री नागेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के अन्तर्गत जनपद में 05 हजार से अधिक आबादी की ग्राम पंचायतों में प्रतियोगिता आयोजित कर श्रेष्ठ ग्राम पंचायत में मॉडल सोलर गांव के रूप में चयनित किया जायेगा, जिसके तहत शासन के मंशानुरूप जनपद के एक ग्राम पंचायत को चयन कर पूर्णतया सौर्य ऊर्जा से उत्पादन कर प्रदेश में रूफटाप सोलर को बढावा दिया जायेगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि चयनित ग्राम पंचायत में ग्रामीण समुदाय को उनकी विद्युत आपूर्ति को पूर्ण करने हेतु आत्मनिर्भर भी बनाया जायेगा। चयनित ग्राम के सभी घरों में सोलर लाइट सिस्टम, जल प्रणाली के संचालन हेतु सौर परियोजना, कृषि के लिए सौर पम्प




तथा गांव की मुख्य सड़कों व सार्वजनिक स्थलों में सोलर लाइट की भी व्यवस्थकी जायेगी। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है किप्रत्येक विकास खण्ड से प्राप्त आवेदनों को निगरानी एवं समन्वय हेतु जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत कर स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माडल सोलर ग्राम के लिए भारत सरकार द्वारा एक करोड़ वित्तीय सहायता का प्राविधान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के प्रत्येक शासकीय कार्यालय में रूफ टाप सोलर सिस्टम की स्थापना की जायेगी, जो उनकी आवंटित लोड के सापेक्ष होगा।

# लघु सिंचाई विभाग की संचालित योजनाओं का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता (लघु सिंचाई) विक्रमाजीत ने बताया है लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग व मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना योजना संचालित की जा रही है जिसके लिये विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन ही स्वीकार किया जायेगा, यह कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप के सम्बन्ध में बताया है कि लघु एवं सीमान्त सामान्य/अनुसूचित जाति लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उथले बोरिंग का कार्य कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 30.00 मीटर गहराई तक की 110 एम0एम0 (4इंच) व्यास की बोरिंग/नलकूप निर्मित किये जाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसान सेवा पोर्टल पर पंजीकृत कृषक पात्र हैं एवं प्रधानमंत्री कुसुम योजना में पंजीकृत कृषकों को योजना में प्राथमिकता दी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि मध्यम गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 31 से 60 मीटर की गहराई तक की (7इंच) व्यास की बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना गहरी बोरिंग के सम्बन्ध में बताया है कि गहरे नलकूप योजनान्तर्गत समस्त श्रेणी के कृषकों को 61 से 90 मीटर की गहराई तक की (8इंच) बोरिंग का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। योजना हेतु विभागीय पोर्टल jjmup.org पर आनलाइन आवेदन करना होगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत-ट्राली माउन्टेड 02 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना के सम्बन्ध में बताया है कि चेकडैम/तालाबों पर भूस्तरीय सिंचाई सुविधा के रूप में ट्राली माउन्टेड 02 एचपी के सोलर पम्पसेट (ए0सी0/डी0सी0) स्थापना का कार्य अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

# विकास भवन में अधिकारियों-कर्मचारियों ने गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की दीं शुभकामनाएं

**अलीगढ़।** विकास भवन परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रंगों और आपसी भाईचारे व सौहार्द के प्रतीक पावन पर्व होली की पूर्व संध्या पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह रंगों के इस त्योहार में कैमिकलयुक्त रंगों का प्रयोग न करें और नशे से दूर रहें। इस अवसर पर एडीआईओ मनोरमा सिंह, कृष्ण कुमार, सौरभ शर्मा, माधव शर्मा, अनीता शर्मा, मोनू कुमार, पवन कुमार, विक्रम सिंह, प्रशान्त सेंगर, राघवेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार समेत विकास भवन के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।



# मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने होली पर्व की दीं शुभकामनाएं

## होली को न बनाएं नशे का त्योहार, आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं रंगों का त्योहार

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त संगीता सिंह ने मण्डल वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख व समृद्धि की कामना की है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली यानी रंगो और खुशियों का त्योहार है, इसे सभी को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाना चाहिये। कोई व्यक्ति व वर्ग ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो और कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने होली पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह त्यौहार जीवन में हर्षोल्लास का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की संस्कृति के परिचायक हैं। एक साथ बिखरे हुए रंग हमारी संस्कृति एवं गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूती प्रदान करते हैं। रंग एवं खुशियों से लवरेज यह त्यौहार हमें आपसी भाईचारे व प्रेम सौहार्द को बढ़ाने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि प्रायः कुछ लोग होली को शराब और नशे का त्योहार मानकर न केवल अपने धन की हानि करते हैं बल्कि नशे में वाहन चलाकर दूसरों की भी जान जोखिम में डालते हैं, यह कतई उचित नहीं है और यह दण्डनीय अपराध है। सुरक्षित होली खेलें, जो होली नहीं खेलना चाहता है उसका सम्मान करते हुए उस पर रंग ना डालें। संभव हो हर्बल रंगों का प्रयोग करें।





## संपादकीय

# कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। यह याद रखना चाहिए कि 22 फरवरी, 1994 को भारत की संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें दोहराया गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और रहेगा। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोडऩा होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। वास्तव में जयशंकर की टिप्पणी संसद के इसी प्रस्ताव की प्रतिध्वनि है। जयशंकर ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना भारत का पहला प्राथमिक कदम था। सूबे में विकास, आर्थिक गतिविधियां और सामाजिक न्याय की बहाली दूसरा कदम और यहां निष्पक्ष चुनाव कराना तीसरा कदम था। वास्तव में भारत अच्छी तरह से जानता है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर उसके लंबे समय से चले आ रहे दावे के अलावा पाकिस्तान का भी दावा है और स्वयं उन कश्मीरियों का अपना दावा है जो उस हिस्से की आजादी की मांग कर रहे हैं या भारत में विलय के लिए मांग कर रहे हैं। चौथा दावा चीन का भी है जिसने वहां भारी निवेश किया है। इस अर्थ में जयशंकर का कहना जायज है कि पीओके भारत के नियंत्रण में आ जाए तो वह भी भारतीय जम्मू-कश्मीर की तरह विकास के रास्ते पर बढ़ सकता है। परंतु व्यवहार में यह काम इतना आसान नहीं है। हाल-फिलहाल यह हो सकता है कि पीओके में पाकिस्तानी सरकार के जो जुल्म बढ़ रहे हैं और जिनसे वहां के निवासी आक्रांत रहे हैं, उनके लिए वैश्विक समर्थन जुटाया जाए और स्वयं भारत भी उन्हें स्पष्टत~ आश्वासन दे कि वह उनकी जायज मांगों का समर्थक है। गिलगिट-बलूचिस्तान में रहने वाले लोगों ने अपने क्षेत्र पर पाकिस्तान के बलात कब्जे को कभी स्वीकारा नहीं है। यहां राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं। पाकिस्तान की कुल भूमि का 40 फीसद हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब एक करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस इलाके में सर्वाधिक बलूच हैं। इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्तान भी कहा जाता है। भारत को पीओके के निवासियों की पूरी चिंता है। लेकिन भारत का यह पक्ष केवल बातों में ही नहीं, व्यवहार में भी सामने आना चाहिए। पाकिस्तान के अवैध कब्जे से कश्मीर के इस हिस्से को भारत में वापस लाने का एक रास्ता यह हो सकता है।

## जयंती/होली

# चैतन्य महाप्रभु

(एम.एन. त्रिवेदी -विनायक फीचर्स)

सोलहवीं शताब्दी के मध्य संपूर्ण देश में धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थितियां दयनीय थीं, वहीं तांत्रिक आस्थाओं की विकृतियों के कारण सामाजिक जीवन अनाचारपूर्ण था। सर्वत्र हिंसा का बोलबाला था, धर्म के नाम पर पाखण्ड, आडम्बर, व्यभिचार और कुरीतियां फैल रही थीं। देश में भीषण द्वेष, भय व आतंक का वातावरण छाया हुआ था ऐसे में विक्रम संवत की सोलहवीं शताब्दी के मध्य फाल्गुन माह की पूर्णिमा को एक दिव्य बालक का जन्म हुआ। इस बालक का परिजनों द्वारा 'निमाई' नामकरण किया गया।



निमाई बचपन से ही चंचल तथा अत्यन्त मेधावी थे, प्रबल मनोविनोदी थे। उनके यौवनकाल में पं. रघुनाथ जी द्वारा न्याय शास्त्र पर एक ग्रन्थ लिखा गया था। निमाई द्वारा भी एक ग्रन्थ न्याय शास्त्र पर तैयार किया गया था। उन्होंने अपनी हस्तलिखित कृति को जब पं. रघुनाथ जी को पढने़ के लिए प्रस्तुत किया तो उनके नेत्रों से अश्रुधारा बह निकली। तुलनात्मक दृष्टिकोण पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निमाई का ग्रन्थ अति उत्तम है। निमाई समझ गए कि उनके ग्रंथ के समक्ष पंडित जी का ग्रंथ उपयोगी नहीं रह पाएगा। अत~ उन्होंने पंडित जी के ग्रंथ की महिमा बढ़ाने के लिए अपना हस्तलिखित ग्रंथ स्वयं ही गंगा में प्रवाहित कर दिया। उनके इस त्याग ने उनके व्यक्तित्व को प्रखर बनाया। उनका ज्ञान दिनोंदिन बढ़ता रहा। उनका उपदेश था कि जीव मात्र के प्रति दया, भगवान के प्रति आस्था एवं मनुष्य मात्र की सेवा ये ही तीन श्रेष्ठ धर्म हैं। तत्समय राजाज्ञा से काजी द्वारा कीर्तन पर प्रतिबंध लगाया गया जो उनको सहन नहीं हुआ और विरोध आरंभ कर दिया। जनशक्ति को जागृत किया। काजी के साथ आत्मीयता का व्यवहार किया। प्रेमास्त्र की धार से काजी की जिद विदीर्ण हो गई। निषेधाज्ञा वापस लेनी पड़ी बाद में यही शान्तिपूर्ण जनआंदोलन गांधीजी का भी सशक्त अस्त्र बना। चैतन्य नाम से विख्यात निमाई को महाप्रभु भी कहा जाने लगा। उन्होंने अपने क्षेत्र में गौवध बंद करवाया। वे धर्म के नाम पर मूक, निरीह या निर्दोष पशुओं की बलि रोकने के लिए प्रयत्न करते रहे। डाकुओं पर भी उनका प्रभाव पड़ा। उनका मानना था कि डाकू जीवन में पत्नी, पुत्र का भी मोह नहीं रहता। वह कहा करते थे कि जब गृहस्थ की तरह विषय वासनाओं से मुक्त रहते हो, वनों में विरक्त साधुओं की तरह भ्रमण करते हो तो फिर भगवद्भजन के प्रति आसक्त होने में क्या कठिनाई है? महाप्रभु मानवता के पुजारी थे, दया करुणा के सागर थे, जाति-पांति, ऊंच-नीच के बन्धनों को तोड़कर उन्होंने मनुष्य को एक ही जाति का प्रतिपादित किया।

# रस, रंग और माधुर्य का पर्व होली

(उमेश कुमार साहू-विनायक फीचर्स)

होली-मंगलोत्सव भारत वर्ष में मनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध लोकपर्व है। रस, रंग, माधुर्य से सराबोर यह पर्व आंतरिक उल्लास को उभारने वाला एक सांस्कृतिक पर्व है। यह पर्व कृषि कुसुमित संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में भी प्राचीन समय से प्रचलित है। इसकी यह सार्वभौम विशेषता ही है, जिसके कारण देश के हर वर्ग, जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग इसे बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ मनाते हैं। रंगों का यह पर्व प्रकृति से मानव को एकाकार कर तादात्म्य स्थापित कर देता है एवं जीवन को उल्लास के साथ जीने की रीति-नीति का भी शिक्षण देता है।

बसंत से ही आरंभ हो जाने वाले इस पर्व में जहां एक ओर बासंती रंगों से रंगी प्रकृति सुन्दर छटा बिखेरती है, वहीं दूसरी ओर गुलाल-अबीर से रंगा मानव समुदाय अपनी आंतरिक पुलकन को भी प्रगट करता है। होलिका पर्व निष्क्रिय जड़ता पर जीवंत एवं सजीव चैतन्यता की स्थापना का पर्व है।

वस्तुत~ होली बहुत प्राचीन उत्सव है। इसको आरंभिक काल में %होलाका% कहा जाता था। भारत के पूर्वी भागों में अभी भी यह शब्द प्रचलित है। %होलाका% उन 20 क्रीड़ाओं में से एक है, जो संपूर्ण भारत में कभी प्रचलित थीं। इसके अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा पर लोग श्रृंग से एक-दूसरे पर रंगीन जल छोड़ते हैं और सुगंधित चूर्ण बिखेरते हैं। लिंग पुराण इस पर्व को फाल्गुनिका कहकर संबोधित करता है एवं इसे विभूति व ऐश्वर्य प्रदायक पर्व मानता है। डॉ. रामानंद तिवारी हमारी जीवन संस्कृति में लिखते हैं- राग-रंग और उल्लास का यह पर्व अपनी व्यापकता,स्वच्छता और संपन्नता में अनुपम है। अनेक विशेषताओं से युक्त वर्ष का यह अंतिम पर्व जीवन में संस्कृति के पूर्ण समन्वय का द्योतक है। वैदिक यज्ञ और लोकोत्सव का एक अद्भुत समन्वय इससें मिलता है। होली के पर्व पर अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचकर वर्ष की रागिनी नये वर्ष की नयी रागिनी को जन्म देती है।

होली का नैसर्गिक संबंध ऋतु परिवर्तन से है। शिशिर और हेमंत कालीन शीत की ठिठुरन के बाद बसंत का आगमन उल्लास लेकर आता है। फाल्गुन मास व बसंत दोनों मिलकर प्रकृति में अपूर्व आंनद व उमंग का रंग घोलते हैं। कोयल की कूक, खिलते पुष्पों की सुगंध व आम्र मंजरियों की मादकता से भरा बहता पवन तन-मन में उत्साह एवं जीवन के प्रति एक नई दृष्टि का विकास करता है। प्रकृति के इन रूपों को देखकर मानव मन हर्षित हो उठता है एवं कभी कवि, कभी साहित्यकार,कभी कलाकारों के माध्यम से भावनाएं अभिव्यक्त होने लगती हैं। रत्नावली में कवि का वर्णन है कि होली पर्व के शुभावसर पर उड़ते हुए केशर मिश्रित गुलालों से उषाकाल का भ्रम हो रहा है।



होली और भगवान श्रीकृष्ण का संबंध अटूट है। इसे साहित्य के प्रत्येक ग्रंथ में वर्णित देखा जा सकता है। गर्ग संहिता, फागुकाव्य, बसंतविलास, पृथ्वीराज रासो (चंदवरदाई कृत), सूरदास एवं परमानंद के काव्यों में मीरा-रसखान के दोहों में सभी जगह होली एवं कृष्ण का सरस, सजीव एवं सुन्दर चित्रांकन मिलता है। फाग विलास और फाग विहार रीतिकालीन नागरीदास कवि की दो रचनाएं होली पर प्रसिद्ध हैं। बिहारी, घनानंद, पद्माकर, केशव, सेनापति आदि सभी रीतिकालीन कवियों ने अपनी लेखनी से होली का रंग भरा है। भवभूति के मालती माधव नाटक में तो इसी पर्व का बड़ा सुन्दर चित्रण है।

होली का त्योहार सामूहिकता के भाव की वृद्धि करने वाला है तथा संगठन और एकता को सुदृढ़ बनाने आता है। यदि यही उद्देश्य रखकर समता के इस पर्व को मनाया जाए तो आपस की असमतारूपी असुरता को होली में जलाकर नष्ट किया जा सकता है।


होली के अनेक उद्देश्य व शिक्षाएं हैं, किंतु यहां इसके इतिहास के साथ-साथ एक पक्ष को ही स्पर्श किया गया है। एक सबसे बड़ी महत्वपूर्ण शिक्षा इस पर्व की यह है कि मनुष्य को दीन-दुर्बल और डरपोक होकर नहीं रहना चाहिए। सर्वदा इस संसार में नृसिंह की तरह निर्भय और वीर का जीवन जीना चाहिए। हमें श्रेष्ठता को, आदर्शों को अपनाना चाहिए और बुराई से लडऩे का साहस अपने अंदर जगाना चाहिए, तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता है।

## शब्द सामर्थ्य -353

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 352 का हल**

# बुरा न मानो होली है

(पंकज शर्मा 'तरुण' - विनायक फीचर्स)



ढोल और होली के हुड़दंगियों की ज्यों ही कान के पास आवाज आई मैं सिहर गया। पत्नी जो दरवाजे के पास बैठी पापड़ खा रही थी। बोली आज धुरेंडी खेलने नहीं जाएंगे। मैं बोला क्यों? वह बोली देखा नहीं पिछले वर्ष पड़ोसी मिश्राजी को लोगों ने गन्दी गटर में किस तरह पटका था और बेचारे को गधे पर उल्टा बिठाकर सिर पर झाड़ू का सेहरा बांधकर गांव भर में घुमाया था। मैंने कहा-भागवान साल भर में एक बार यह मस्ती भरा रंगीन त्यौहार आता है और तुम हो कि त्यौहार मनाने पर प्रतिबंध लगा रही हो। बातें चल ही रही थी कि दरवाजा पीटने की आवाज ने बातों पर विराम लगा दिया। पत्नी ने वहीं से पूछा कौन है, बाहर से आवाज आई भाभी जी मैं हूं टिल्लू, शर्मा जी को बाहर भेजो। वे बोली क्यों ? वह बोला रंग लगाना है, वे बोली तुम रंग नहीं लगाओगे पिछले साल जैसे मिश्रा जी को रगड़ा था वैसे इस बार इनको रगडऩा चाहते हो। टिल्लू हंसने लगा और कसम खाकर बोला ऐसा कुछ नहीं करेंगे आप दरवाजा तो खोलिए। पत्नी ने विश्वास करके कुण्डी खोली। बाहर का दृश्य तो देखने योग्य था। सभी के चेहरे पुते हुए थे,एक भी व्यक्ति को मैं पहचान नहीं पा रहा था। उन्हें केवल आवाज से ही पहचाना जा सकता था,उस भीड़ में से आवाज आई शर्मा जी को कुछ मत करो। ज्यों ही गाली और रंग की बौछार हुई पत्नी घर के अन्दर और मैं घर के बाहर। मुझे बड़ी ही इज्जत के साथ उनके द्वारा ईस्ट मैन कलर में पोता गया। मेरे ना नुकुर का असर उन कम्बख्तों पर नहीं होना था सो नहीं हुआ। जैसे मंत्री पर विपक्ष के विरोध का कोई असर नहीं होता। मेरे साथ बाइज्जत पिछले वर्ष जो मिश्रा जी के साथ समारोह किया गया था वही किया। ऐसा लग रहा था,उनकी बातों से जैसे यह कार्यक्रम पहले नहीं था, लेकिन पत्नी की समझदारी भरी बातें सुनकर यह इज्जत अफजाई की जा रही थी।

इस साल किसी और का नंबर था और वे उसी के सहयोग के लिए मुझे लेने आए थे। खैर साहब मैं भी गधे पर ऐसे ही बैठा रहा, जैसे जबरन किसी को गृहमंत्री का पद छीन कर जेल मंत्री के पद पर बिठा दें। गांव में सभी ओर हमारा और हमारे सहयोगियों का मोहल्ले वार नागरिक अभिनंदन किया गया। पुष्पहारों के स्थान पर सेवानिवृत्त चरणदास के हारों से, रंगों के स्थान पर तवे की कालिख से स्वागत किया गया और भांग तथा शराब की बोतलों से स्वल्पाहार किया गया। मुझे उस समय ऐसा महसूस हो रहा था जैसे मैं भी किसी राज्य का मुख्यमंत्री बन गया हूं और यह समारोह मेरी विजय की खुशी में मनाया जा रहा है। शाम हो चली थी सब मदमस्त हो चले थे, गदर्भ राज भी इंसानों की रंगीन संगत से ऊब चुके थे। मैं जैसे ही उनसे अलग हुआ वे धूल में नित्य की भांति लौटने लगे और अपने कंठ से राग गदर्भ निकालकर आनंद में हुई वृद्धि का बखान करने लगे। हम सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और अपने-अपने दड़बे की ओर प्रस्थान कर गए।

# जीवन का सर्वोत्तम धन

प्रदीप छाजेड़
( बोरावड )

जीवन का सर्वोत्तम धन की बात आते ही प्रायः कह देते हैं कि अर्थ का होना ही सर्वोत्तम धन हैं जबकि यह सत्य नहीं है जीवन का सर्वोत्तम धन तो स्वस्थ



तन, शांत मन और प्यार- सौहार्द से भरा कुटुम्ब का जीवन आदि हैं । इन्हें कही से खरीदा नहीं जा सकता है बल्कि इन्हें कमाना पड़ता है। जो लोग पूरी जिंदगी और-और में लगा देते हैं और सोचते रहते हैं अभी तो थोड़ा और कमा लें फिर मौज करेंगे जीवन के अगले दौर में ,वे आखिर उस तथाकथित अगले भोर में ठगा महसूस करते हैं । क्योंकि आगे जब वह दौर आता है तब वह दौर, वह भोर का पता चलता है कि यहाँ तो और ही शोर मच रहा है । जो शरीर-स्वास्थ्य उन्होंने अब गँवा दिया है वह तो सदा के लिए गया। पारिवारिक कलह ने जो नुकसान कर दिया उसकी भरपाई तो कोई नहीं कर पाएगा।ना ही इन सबकी वजह से अशांत हुआ दिमाग पुनः जल्दी से शांत हो पाएगा। मन की लोभी तृष्णा का कोई अंत नहीं होता।जैसे-जैसे सोचा हुआ हाशिल होता है वैसे-वैसे और नयी - नयी चाहत भी बढ़ने लगती है।जिसका जीवन में कभी अंत ही नहीं होता।जीवन की इस आपा-धापी में जीवन के स्वर्णिम दिन कब बीत जाते हैं उसका हम्हें भान भी नहीं रहता। आगे जीवन में कभी सपने अधूरे रह गये तो किसी के मुँह से यही निकलता है कि कास अमुक काम मैं अमुक समय कर लेता।उनके लिये बस बचता है तो किसी के कास तो किसी के जीवन में अगर। तृष्णा तो विश्व विजेता सिकंदर की कभी पूरी नहीं हुयी और जब विदा हुआ तो ख़ाली हाथ। इसलिये कर्म ज़रूर करो और जो कुछ प्राप्त हुआ उसमें संतोष करना सीखो।जीवन की इस भागम-भाग में आख़िरी साँस कौन सी होगी वो कोई नहीं जानता।जिसने जीवन में संतोष करना सीख लिया उसका जीवन आनंदमय बन गया। अतः हम यह कह सकते हैं कि ख़ुशी पैसों की मोहताज नहीं होती हैं वह तो मन की शांति से ही प्राप्त होती हैं ।

# राशिफल

**मेष**
आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपके सारे काम भी अच्छे ढंग से होंगे। आज बच्चों को चिड़ियाघर घुमाने ले जाएंगे, जहां बच्चे खूब आनंद उठाएंगे। पारिवारिक काम निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आज खुद-ब-खुद दूर हो जाएंगी। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है। जो लोग नौकरी की तलाश में उन्हें नौकरी मिलने की संभावना है। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की पुस्तक प्रकाशित हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जाएंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं। लेकिन इन गतिविधियों का आपके मान-सम्मान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे हैं। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी। इस राशि के जिन लोगों का सिंगिंग में रुझान है आज उन्हे किसी टीवी शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप महंगी खरीददारी के बारे में भी अपना मन बना सकते है, लेकिन आखिरी समय में आपको निर्णय लेने में मुश्किल होगी। लवमेट के साथ कहीं स्टेशन घूमने की प्लानिंग बनाएंगे। नव विवाहित दंपति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क**
आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे। आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो भविष्य में आपकी सहायता कर सकते है। आज सकारात्मक सोच रखकर कार्य करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। प्रशासनिक नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**सिंह**
आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। लेखकों की आत्मकथा आज पब्लिश होगी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी। साथ ही आज दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं को न रोकें, जो कार्य आपको अच्छा लगें, वहीं करें। शाम का समय आपके लिए चुनौती भरा हो सकता है। आज आपकी कंपनी का किसी मल्टीनेशनल कंपनी से डील फाइनल हो सकती है। जिससे आप परिवारवालों के साथ पार्टी करेंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। बच्चो को ज्ञान की बातें बतायेंगे जिससे बच्चे अच्छे रास्ते पर चले। आज आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ टाइम स्पेंड करने से आपकी उलझने कम होंगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, इससे समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। अपने प्रति ईमानदार रहें क्योंकि इसी से आप हर स्थिति में खुश रह पायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

**तुला**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे। आज आपके कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को आज मीटिंग के लिए विदेश की यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी। आपके घर पर मेहमान मेहमान आयेंगे, जिससे घर का माहौल व्यस्त रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, आप नई तकनीकी सीख सकते है जो भविष्य में काम आयेगा। आपकी तरक्की समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ाएगी। आपको अपना व्यवहार निखारने की जरूरत है। आज व्यापार की गति बनी रहेगी।

**धनु**
आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ-सफाई में हाथ बटायेंगे। साथ ही कुछ जरूरी सामान खरीदने बाजार जा सकते हैं। आज आप घर में स्वादिष्ट भोजन का आन्नद लेंगे। इस राशि के नव-विवाहित के लिए आज का दिन बेहतरीन है। लवमेट आज कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते है, जिससे उनके बीच चल रही अनबन दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद मिलने से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर**
आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। आपको उन लोगों से दूरी बनाकर रखनी है, जिनके विचार नकारात्मक हों। कारोबार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी। आपका नए लोगों से जल्दी ही परिचय हो सकता है। सबकी जरूरतों का ध्यान रखने के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। ऑनलाइन सामान मंगवाने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समयहै, अच्छा ऑफर भी मिल सकता है।

**कुंभ**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। जिससे आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को आज सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा। कार्यों को आप धैर्य पूर्वक पूरा करेंगे, जिससे आपका काम सफल होगा। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे। अपने बच्चों के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज जो भी फैसला करें काफी सोच विचार कर ही करें, हो सके तो परिवार वालों की राय जरूर लें। दोस्तों को आज डिनर कराने के लिए आप किसी रेस्टोरेंट में ले जाएंगे। आज करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। आज घर या मकान खरीदने का सपना पूरा होगा।

# नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर विवाद

अजीत द्विवेदी

यह अनुरोध सिर्फ केंद्र सरकार से नहीं है, बल्कि तमिलनाडु सरकार से भी है। नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर जो विवाद केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच छिड़ा है वह कोई भाषा और संस्कृति का विवाद नहीं है, बल्कि राजनीतिक विवाद है। इसलिए किसी भी भाषा को और खास कर हिंदी को खलनायक बनाने की जरुरत नहीं है। असलियत यह है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पक्ष अपने अपने हथियारों को धार दे रहे हैं। यह दुर्भाग्य होगा अगर एक बार फिर भाषा का विवाद छिड़ेगा और राजनीतिक फायदे के लिए पार्टियां इसका इस्तेमाल करेंगी। ऐसा लग रहा है कि चार साल शासन करने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भाषा के विवाद में अवसर दिख रहा है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को इसी बहाने अपने को हिंदी हितैषी दिखाने का मौका मिला है। हिंदी हितैषी का यह नैरेटिव भाजपा को अगर तमिलनाडु में ज्यादा फायदा नहीं भी पहुंचाता है तब भी देश के 40 फीसदी से ज्यादा हिंदी भाषी इलाके में अच्छी बढ़त दिला सकता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक राजनीतिक मसला है, जिसका भाषा और संस्कृति से ज्यादा सरोकार नहीं है। एमके स्टालिन नई शिक्षा नीति यानी एनईपी के बहाने हिंदी बनाम तमिल का मुद्दा इसलिए बना रहे हैं ताकि वे अपने को द्रविड अस्मिता का चैम्पियन दिखा सकें। वे एक आभासी लड़ाई छेड़ कर उसका राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। इस तरह के कई काम वे और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन पहले भी कर चुके हैं। उदयनिधि ने इसी तरह के राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म के खिलाफ अवांछित टिप्पणी की थी। सनातन बनाम द्रविड संस्कृति का विवाद उन्होंने खड़ा किया था तो तमिल बनाम हिंदी का विवाद एमके स्टालिन बना रहे हैं। पहले तो उनका विरोध इतना था कि वे एनईपी के जरिए त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने और तमिल व अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी पढ़ाए जाने के प्रयास का विरोध कर रहे थे। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार हिंदी थोपना चाहती है।



लेकिन बाद में उन्होंने हिंदी का विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी का वर्चस्व स्थापित करने के प्रयासों के चलते उत्तर भारत की 25 बोलियां समाप्त हो गईं। उनका यह निष्कर्ष भी राजनीतिक है और अधूरा है। अव्वल तो उत्तर भारत की बोलियां समाप्त नहीं हुई हैं। आज भी करीब 15 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते हैं और पूर्वांचल के अलावा देश भर में और विदेशों में भी भोजपुरी बोली जाती है। भोजपुरी के अलावा बिहार में मगही, मैथिली, अंगिका, वज्जिका आदि बोलियां भी चलती हैं तो उत्तर प्रदेश में भोजपुरी के साथ साथ अवधि व ब्रज भाषा का भी चलन है। राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी कई बोलियां प्रचलित हैं। इन बोलियों को मानक भाषा नहीं माना गया है। मानक भाषा के तौर पर हिंदी को संविधान में स्वीकार किया गया। संविधान बनाने वालों ने 1950 हिंदी को आधिकारिक राजभाषा बनाया और साथ ही कहा कि 15 साल तक अंग्रेजी सहायक राजभाषा बनी रहेगी। हालांकि बाद में तमिलनाडु और दूसरे राज्यों के विरोध की वजह से 15 साल की समय सीमा हटा दी गई। इसलिए हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी भी कामकाज की भाषा बनी हुई है। तभी हिंदी को उसका विकास करने वाली बोलियों के विरोध में खड़ा करने की स्टालिन की राजनीति ठीक नहीं है।

अगर उनके इसी तर्क के हिसाब से देखें तो सवाल उठेगा कि क्या तमिल भाषा ने तमिल बोलियों को समाप्त नहीं किया है? तमिलनाडु के अलग अलग इलाकों में कई बोलियां प्रचलित रही हैं। आज भी अनेक बोलियों का अस्तित्व है लेकिन उनको मानक तमिल भाषा नहीं माना जाता है। कोंगु तमिल, मद्रास बशई, मदुरै तमिल, नेलाई तमिल, कुमारी तमिल आदि बोलियां हैं। इसके अलावा श्रीलंका के जाफना में या मलेशिया में मानक या शास्त्रीय तमिल भाषा नहीं इस्तेमाल होती है। वहां की अलग बोलियां हैं। ऐसा ही कन्नड़, मलयालम, तेलुगू आदि मानक भाषाओं का विकास भी बोलियों से ही हुआ है। जिस तरह से उत्तर भारत की बोलियों ने हिंदी को समृद्ध किया है उसी तरह अन्य मानक भाषाएं भी अपनी बोलियों से ही समृद्ध हुई हैं। इसलिए भाषा और बोली के बीच दशकों पहले सुलझ चुके विवाद को फिर से छेडऩे की जरुरत नहीं है।

दूसरी अहम बात यह है कि अगर अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य संपर्क भाषा की बात होगी तो क्या वह हिंदी नहीं होगी? हिंदी के अलावा किसको पूरे देश की संपर्क भाषा कह सकते हैं? क्या तमिलनाडु के लोग देश के दूसरे हिस्सों में जाते हैं तो वे हिंदी का प्रयोग नहीं करते हैं? क्या वे हिंदी की फिल्में नहीं देखते हैं या हिंदी के गाने नहीं सुनते हैं? देश में उनका काम तमिल और अंग्रेजी के दम पर नहीं चल सकता है। खुद तमिलनाडु का तीर्थाटन और पर्यटन का विशाल कारोबार बड़ी हिंदी आबादी के दम पर ही चल रहा है। हिंदी भाषी पर्यटकों के साथ तमिल लोगों को कामचलाऊ हिंदी से कोई आपत्ति नहीं होती है। परंतु स्टालिन ने अपने राजनीतिक फायदा के लिए इसका विवाद बना दिया है।

इसी तरह भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने भी राजनीतिक लाभ के लिए इसे मुद्दा बनाया है। नई शिक्षा की नीति में कई चीजें अच्छी हैं, जिनको लागू कराना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार का सारा जोर हिंदी पढ़वाने पर है।

वह अपने को हिंदी हितैषी दिखाने के लिए दूसरी भाषाओं को हिंदी के विरोध में खड़ा करवाने की राजनीति कर रही है। वैसे भी तमिलनाडु में बड़ी संख्या में केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनमें हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसी तरह ज्यादातर निजी स्कूलों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। सीबीएसई, आईसीएसई और आईबी बोर्ड वाले स्कूलों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। क्या इतना पर्याप्त नहीं है, दक्षिण में हिंदी के प्रसार के लिए? इसके अलावा भी दक्षिण में हिंदी के प्रसार के लिए संस्थाएं बनी हैं। फिर क्यों केंद्र सरकार तमिलनाडु के सरकारी स्कूलों में हिंदी अनिवार्य कराने में लगी है? अगर त्रिभाषा फॉर्मूले की ही बात करें तो उत्तर भारत के कितने स्कूलों में इसको लागू किया गया है? ज्यादातर सरकारी स्कूलों में सारी पढ़ाई हिंदी में ही होती है। उत्तर भारत की बड़ी आबादी के लिए अंग्रेजी आज भी एलियन भाषा है। अंग्रेजी पढ़ाने के लिए रखे गए ज्यादातर शिक्षक हिंदी में ही अंग्रेजी पढ़ाते हैं। ज्यादातर जगहों पर तीसरी भाषा के तौर पर संस्कृत को रखा गया है इसके बावजूद अधिकतर छात्रों को सिर्फ परीक्षा पास करने लायक संस्कृत आती है, जिसका इस्तेमाल वे फिर जीवन में कभी नहीं करते हैं। इसलिए भाषा को लेकर इतना आग्रह या विवाद ठीक नहीं है।

# कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की गेंहू उपार्जन तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

## खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें : कमिश्नर
## खराब हैण्डपंपों और नलजल योजनाओं के सुधार का अभियान चलाएं : कमिश्नर




**रीवा,कासं.।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों में गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का निर्धारण एक सप्ताह में कर दें। सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, शौचालय, ठहरने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। खरीदी से जुड़ी जानकारी के फ्लैक्स केन्द्र में लगवाएं। गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा असमय वर्षा से बचाव की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र गोदाम स्तरीय बनाने को प्राथमिकता दें। खरीदी की निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर के अधिकारी तैनात करें।

कमिश्नर ने कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी सभी जिलों में गेंहू की अनुमानित मात्रा के अनुसार उपार्जन के लिए बारदानों को 20 मार्च तक अनिवार्य रूप से भण्डारण करा दें। संभाग के सभी जिलों में फसल की स्थिति को देखते हुए उपार्जन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। गत वर्ष के उपार्जन के आधार पर शासन को एक अप्रैल से उपार्जन शुरू करने के संबंध में प्रस्ताव भेजें। सभी खरीदी केन्द्रों में तौलकांटे, छन्ने, हम्माल की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गोदामों में भण्डारित धान का मिलर्स द्वारा उठाव कराकर 25 मार्च तक गेंहू उपार्जन के लिए गोदामों में व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि संभागीय बैठक में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभान्वित हितग्राहियों के शत-प्रतिशत ई केवाईसी के निर्देश दिए गए थे। सभी कलेक्टर 28 मार्च तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि इस वर्ष अभी से तापमान लगातार बढ़ रहा है। जल स्तर गिरने के कारण बड़ी संख्या में हैण्डपंप बंद हो रहे हैं। राइजर पाइप लगाकर हैण्डपंपों को चालू कराएं। जहाँ आवश्यक हो सिंगल फेज मोटर से भी पानी की आपूर्ति कराएं। सभी कलेक्टर खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं को चालू कराने के लिए विशेष अभियान चलाएं। कलेक्टर पेयजल व्यवस्था की हर सप्ताह समीक्षा करें। हर बसाहट में गर्मियों में पेयजल की आपूर्ति अनिवार्य रूप से बनी रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए भी जिला और विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बना दें। पीएचई विभाग की एकल नलजल योजनाओं का कार्य 31 मार्च तक पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। सभी नगरीय निकायों तथा विकासखण्डों से पेयजल के संबंध में नियमित रूप से जानकारी लें।

जन सुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन में भी पेयजल व्यवस्था के संबंध में दर्ज शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में गेंहू उपार्जन तथा पेयजल व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा उपार्जन से जुड़े अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर कार्यालय सभागार से संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंधात्मक आदेश किए लागू

## तेज आवाज करने वाले ध्वनि यंत्रों का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले भर में अत्यधिक तेज आवाज करने वाले ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत पूरे रीवा जिले में आगामी आदेश तक लागू रहेगा। कलेक्टर ने इस संबंध में बताया कि बोर्ड परीक्षाओं, पवित्र रमजान महीना तथा होली पर्व को ध्यान रखकर प्रतिबंध के आदेश दिए गए हैं। त्यौहारों के दौरान कई व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों तथा घरों के बाहर अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं। साथ ही सड़कों पर जुलूस निकालते हैं जिससे आवागमन बाधित होता है। इसके कारण कई बार विवाद की स्थिति पैदा होती है। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रतिबंध के आदेश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश शासन की गाइडलाइन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय के 2023 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए तेज आवाज वाले ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक हो गया है। यह प्रतिबंध तेज आवाज करने वाले सभी ध्वनि विस्तार यंत्रों जैसे डीजे, साउंड बाक्स आदि पर लागू होगा। इनका उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध की अवधि में यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक रूप से अथवा व्यक्तिगत रूप से कोई उपयोग करता हुआ पाया गया तो उसके विरूद्ध कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिगत तामीली संभव नहीं है। इसकलए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। नागरिकों को विभिन्न संचार माध्यमों से प्रतिबंध की सूचना दी जा रही है। सभी एसडीएम कार्यालय, सभी थानों, नगरीय निकायों, जनपद पंचायत कार्यालयों तथा ग्राम पंचायत कार्यालयों में भी प्रतिबंधात्मक आदेश नोटिस बोर्ड चस्पा कर दिया गया है।

# ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत योजनाओं में प्रगति के आधार पर ही संविदा अधिकारियों, कर्मचारियों की बढ़ेगी सेवा : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक में विभाग अन्तर्गत योजनाओं में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि योजनाओं की प्रगति के आधार पर ही संविदा में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों की आगामी सेवावृद्धि दी जायेगी। उन्होंने 31 मार्च तक नियत लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति के निर्देश बैठक में दिये।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आवास योजना की समीक्षा के दौरान आवास प्लस में लंबित स्वीकृतियों पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि 67 प्रतिशत प्रगति को बढ़ाये तथा ब्लाक समन्वयक गंभीरता से कार्य करें उन्होंने रायपुर कर्चुलियान के ब्लाक समन्वयक का वेतन रोकने के निर्देश दिये। एसईसीसी के वर्ष 2016-17 के आवासों को पूर्ण कराने तथा जो आवास पूर्ण नहीं हो सकते उनके संबंधित से वसूली किये जाने के निर्देश बैठक में कलेक्टर द्वारा दिये गये। आवास प्लस 2.0 सर्वे में 94128 नये नाम जोड़े जाने पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनपद सीईओ स्वयं सूची का परीक्षण करें तथा मौके पर भी जाकर वास्तविकता से परिचित हों। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक सर्वे कार्य किया जाना है अत: कोई भी पात्र व्यक्ति इसमें शामिल होने से छूटने न पाये।

स्वच्छता मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आगामी 15 दिनों में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का संचालन अनुबंध कराकर कराने तथा निर्मित नाडेप का 15 अप्रैल तक शत प्रतिशत उपयोग किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन के ब्लाक समन्वयक की सेवावृद्धि उनके कार्यों की प्रगति के आधार पर ही दी जायेगी। स्वच्छता मिशन के त्योंथर के ब्लाक समन्वयक के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने रीवा समाप्ति का नोटिस देने का निर्देश दिया। मनरेगा अन्तर्गत जिले में 71 प्रतिशत मानव दिवस सृजन को शत प्रतिशत करने के निर्देश बैठक में दिये।

ग्रामीण नल जल योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 31 मार्च तक शेष नल जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करायें तथा इनमें दो कमियाँ हों उसे पीएचई विभाग दूर करें। उन्होंने स्वसहायता समूहों से मध्यान्ह भोजन का शत प्रतिशत संचालन कराने तथा समूहों को स्वच्छता के कार्य से सम्बंद्ध करने के निर्देश दिये। मनरेगा से स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों को पूरा करने तथा राज्य आयोजन मद से स्वीकृत आंगनवाड़ियों के कार्य प्रारंभ करने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक 808 आंगनवाड़ियों में विद्युत का कनेक्शन कराकर मीटर लगाने की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने रीवा जनपद के सहायक यंत्री आरईएस का वेतन रोकने के भी निर्देश दिये तथा उपस्थित जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि ग्रामीण विकास योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाये तथा मानीटरिंग करें। उन्होंने जिला पंचायत में पदस्थ अमले को भी योजनाओं की फील्ड में जाकर प्रगति की मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जनपद के सीईओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम इंटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन के लिए लगाएं शिविर : कलेक्टर

## जिले के सभी महाविद्यालयों में लगाए जाएंगे शिविर

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को 17 और 18 मार्च को पीएम इंटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालय सहित इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई के प्राचार्य अपने-अपने महाविद्यालयों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक पीएम इंटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन के लिए शिविर लगाएं। शिविर के लिए महाविद्यालय अपने स्तर से कंप्यूटर सिस्टम आदि की व्यवस्था करते हुए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। शिविर के बाद पंजीकृत आवेदकों की सूची संभागीय आईटीआई के प्राचार्य की मेल आईडी पर प्रेषित करें। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप एवं बेहतर मेंटरशिप दिलाने के उद्देश्य से पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की गयी है। इस योजना का वर्तमान में दूसरा चरण जारी है। योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गयी है। इस संबंध मे प्राचार्य आईटीआई रीवा ने बताया कि ऐसे उम्मीदवार जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के बीच है तथा सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों से संबंधित नहीं है और अन्य किसी आप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजना के तहत हर माह 5 हजार रूपये इंटर्नशिप राशि एवं 6 हजार रूपये का ग्रांट भी दिया जायेगा।



## समाचार

### सेबी ने राइट्स इश्यू को पूरा करने की समयसीमा घटाकर 23 दिन की, 7 अप्रैल से लागू

**मुंबई ,ए.।** कंपनियों को तेजी से पूंजी जुटाने में मदद करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने राइट्स इश्यू को पूरा करने की समयसीमा 126 दिनों से घटाकर 23 दिन कर दी है, जो 7 अप्रैल से प्रभावी होगी। एक सर्कुलर में, पूंजी बाजार नियामक ने राइट्स इश्यू में स्पेसिफिक निवेशकों को अलॉटमेंट के लिए फ्लेक्सिबिलिटी भी प्रदान की है। सेबी ने कहा, नए फ्रेमवर्क के हिस्से के रूप में, सेबी रेगुलेशन, 2018 (सेबी आईसीडीआर विनियम) के संशोधित रेगुलेशन 85 के संदर्भ में, यह निर्दिष्ट किया जा रहा है कि राइट्स इश्यू को जारीकर्ता के निदेशक मंडल द्वारा राइट्स इश्यू को मंजूरी देने की तारीख से 23 कार्य दिवसों के भीतर पूरा किया जाएगा। इसमें कहा गया है, सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 87 के अनुसार और रिवाइज्ड टाइमलाइन को देखते हुए यह निर्दिष्ट किया जा रहा है कि राइट्स इश्यू को सब्सक्रिप्शन के लिए न्यूनतम सात दिन और अधिकतम तीस दिनों के लिए ओपन रखा जाएगा। राइट्स इश्यू में शेयरों की सदस्यता के लिए प्राप्त एप्लीकेशन बोलियों का सत्यापन और अलॉटमेंट के आधार को फाइनल करने का काम भी स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी द्वारा इश्यू के रजिस्ट्रार के साथ मिलकर किया जाएगा। बाजार नियामक के अनुसार, इस सर्कुलर के प्रावधान 7 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे तथा इस सर्कुलर के लागू होने की तिथि से इश्यूअर के निदेशक मंडल द्वारा अप्रूव्ड राइट्स इश्यू पर लागू होंगे। इस बीच, न्यूली अपॉइंटेड चेयरपर्सन तुहिन कांत पांडे की लीडरशिप में आगामी पहली बोर्ड मीटिंग में सेबी कई प्रमुख विनियामक प्रस्तावों पर चर्चा करने वाला है। प्रस्तावित एजेंडे में डीमैट खातों के लिए यूपीआई जैसी सुरक्षा, क्लियरिंग कॉरपोरेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के दायरे का विस्तार करना और रिसर्च विश्लेषकों द्वारा फी कलेक्शन में बदलाव शामिल हैं। निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेबी ने डीमैट खातों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसा सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव दिया है।

### सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार, भारती एयरटेल रहा टॉप गेनर

**मुंबई ,ए.।** मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत सपाट रही। सुबह के कारोबार में ऑटो और पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.28 बजे, सेंसेक्स 22.30 अंक या 0.03 प्रतिशत बढ़कर 74,080.02 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 24.65 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 22,473.25 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 231.40 अंक या 0.48 प्रतिशत बढ़कर 47,867.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 141.65 अंक या 0.29 प्रतिशत चढ़कर 48,904.40 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 52.85 अंक या 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,128.75 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, सपाट शुरुआत के बाद, निफ्टी को 22,400 पर समर्थन मिल सकता है, उससे पहले इंडेक्स को 22,300 और 22,200 पर समर्थन मिल सकता है। ऊपरी स्तर पर, 22,600 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है और उसके बाद 22,700 और 22,800 स्तर तत्काल प्रतिरोध हो सकते हैं। चॉइस ब्रोकिंग के हार्दिक मटालिया ने कहा, वर्तमान में चल रही अस्थिरता को देखते हुए, ट्रेडर्स को सावधानी बरतने, सख्त स्टॉप-लॉस रणनीति लागू करने और ओवरनाइट पोजीशन रखने से बचने की सलाह दी जाती है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, जोमैटो, पावरग्रिड, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स रहे। जबकि, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, एचसीएलटेक और टीसीएस टॉप लूजर्स रहे। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, निवेशकों को शेयर बाजारों में नियर-टर्म ट्रेंड की दो महत्वपूर्ण विशेषताओं को ध्यान में रखना चाहिए।

# रोहित का वनडे से संन्यास नहीं लेने का मतलब उनका लक्ष्य 2027 विश्व कप खेलना है

## -ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा का वनडे से संन्यास नहीं लेने का मतलब है कि उनका लक्ष्य 2027 पुरुष वनडे विश्व कप खेलना है। रोहित ने भारत के कप्तान के रूप में अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीता, जब टीम ने दुबई में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। पिछले साल बारबाडोस में विश्व कप जीतने के बाद जिस तरह से उन्होंने टी20 प्रारूप से संन्यास लिया था, उसी तरह से रोहित के वनडे से संन्यास लेने की अफवाहें चल रही थीं।

लेकिन कप्तान, जिन्होंने 76 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द फाइनल का पुरस्कार जीता, ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद उन सभी बातों को खारिज कर दिया। जब आप अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंचने लगते हैं, तो हर कोई आपके संन्यास का इंतजार कर रहा होता है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, और मुझे नहीं पता कि क्यों, जब आप अभी भी उतना ही अच्छा खेल सकते हैं जितना उन्होंने (फाइनल में) खेला है, तो मुझे लगता है कि वह बस उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अभी भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। और मुझे लगता है, तथ्य यह है कि उन्होंने ऐसा कहा, मेरे लिए, इसका मतलब है कि उनके दिमाग में अगले (50 ओवर) विश्व कप (2027 में) में खेलने का लक्ष्य होना चाहिए।

रोहित ने भारत को घरेलू धरती पर 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया था, लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबले में पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

पोंटिंग का मानना है कि 2027 वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम की कमान संभालने के रोहित के फैसले के पीछे अधूरा काम होने की भावना हो सकती है, जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शायद यह तथ्य कि वे पिछला मैच हार गए थे और वह कप्तान थे, शायद यही बात उनके दिमाग में चल रही है। टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे विश्व कप जीतने की कोशिश में बस एक और मौका है। मेरा मतलब है, जब आप उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल की तरह खेलते हुए देखेंगे, तो आप यह नहीं कहेंगे कि उनका समय अभी खत्म हो गया है।

# मैं आईपीएल में खिलाड़ियों को रिलीज करने के नियम को बदल दूंगा



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** आईपीएल 2025 सीजन से पहले, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि उनके करीबी दोस्त, विकेटकीपर-ओपनर जोस बटलर को जाने देना उनके लिए सबसे मुश्किल काम था और अगर उनके पास आईपीएल में कोई नियम बदलने की शक्ति होती, तो वह खिलाड़ियों को कभी रिलीज न करने देते। आरआर ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और शिमरोन हेटमायर को रिटेन किया, जिसका मतलब था कि उनके पास बटलर को रिटेन करने के लिए कोई स्लॉट नहीं था, जो अब 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सीजन में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलेंगे। आईपीएल आपको एक टीम का नेतृत्व करने और उच्चतम स्तर पर खेलने का अवसर देता है, लेकिन यह आपको घनिष्ठ मित्रता बनाने का भी अवसर देता है। जोस बटलर मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं। हमने सात साल तक एक साथ खेला, एक लंबी बल्लेबाजी साझेदारी बनाई। हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते थे और हमेशा संपर्क में रहते थे। वह मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह थे। जब मैं कप्तान बना, तो वह मेरे उप-कप्तान थे और टीम का नेतृत्व करने में मेरी मदद करने में उन्होंने बहुत बड़ी भूमिका निभाई। उन्हें जाने देना मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण चीजों में से एक रहा है। इंग्लैंड सीरीज के दौरान भी, मैंने उन्हें डिनर पर बताया था कि मैं अभी भी इससे उबर नहीं पाया हूं। अगर मैं आईपीएल में एक चीज बदल सकता, तो मैं खिलाड़ियों को रिलीज करने के नियम को बदल देता। सैमसन ने बुधवार को जियो हॉटस्टार से कहा, हालांकि इसके अपने फायदे हैं सकारात्मक पक्ष यह है कि व्यक्तिगत स्तर पर आप वर्षों से बने संपर्क और रिश्ते खो देते हैं। यह मेरे लिए, पूरी फ्रेंचाइजी, मालिकों, कोचों और आरआर से जुड़े सभी लोगों के लिए कठिन रहा है। जोस हमारे लिए परिवार की तरह थे। साथ ही, सैमसन ने जुरेल, पराग और हेटमायर जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को बनाए रखने के प्रभाव पर भी बात की। बेशक, यह एक बड़ी भूमिका निभाता है। पहले से ही टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों का होना एक बेहतरीन संबंध बनाता है। इससे मेरा काम आसान हो जाता है क्योंकि हम मैदान पर और बाहर दोनों जगह एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं और इससे टीम के बेहतर समन्वय में मदद मिलती है। पिछले साल की मेगा नीलामी में, आरआर ने 13 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को साइन करके तहलका मचा दिया था, जो अब आईपीएल डील हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।

# बल्लेबाजी में उतार-चढ़ाव के बावजूद सर्वश्रेष्ठ फिनिशर बन गए केएल राहुल



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** ऑसिलेटरी मोशन की विशेषता एक निश्चित बिंदु के बारे में किसी वस्तु की बार-बार आगे-पीछे की गति है, जैसा कि घड़ी के पेंडुलम द्वारा उदाहरण दिया गया है। भारतीय टीम में सबसे अधिक ऑसिलेटरी खिलाड़ी को खोजने की प्रतियोगिता में, केएल राहुल सर्वसम्मति से चुने जाएंगे।

राहुल के शानदार कवर ड्राइव और उनकी कलाई से सहज फ्लिक, जब वे अपने सर्वश्रेष्ठ पर होते हैं, तो बस गति में कविता होती है। लेकिन राहुल होना आसान नहीं है - उनकी बल्लेबाजी की स्थिति में उतार-चढ़ाव चुनौतीपूर्ण रहे हैं, एक पेंडुलम की आगे-पीछे की गति के समान।

2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के दौरान भारत के लिए मैच फिनिश करने में राहुल की सफलता इसका उदाहरण है। राहुल को एकदिवसीय मैचों में नई चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें छठे स्थान पर भेजा गया, जो कि अक्षर पटेल के अपने सामान्य नंबर पांच पर आने के बाद फिनिशर की स्थिति थी। इसके अलावा, इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में, हमेशा इस बात पर सवाल उठते रहे कि राहुल को ऋषभ पंत से आगे क्यों तरजीह दी गई। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए उस भूमिका में राहुल की सफलता उनके शांत, विनम्र और सक्रिय अनुकूलनशीलता से चिह्नित थी - ऐसे गुण जो उनके लिए दूसरी प्रकृति बन गए हैं। हालांकि उनके 136 टूर्नामेंट रन महत्वहीन लग सकते हैं, लेकिन वे भारत के निचले मध्य क्रम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की पूरी कहानी नहीं बताते हैं।

केएल राहुल के बचपन के कोच सैमुअल जयराज ने कहा,जब भी उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाता था, तो वे शिकायत नहीं करते थे। वे मुझसे पूछते थे कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं और मुझे उस तरह से क्यों खेलना चाहिए। देखिए, जब भी वे छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने जाते हैं, तो मुश्किल से कुछ गेंदें होती हैं। उन्होंने हमेशा बल्लेबाजी की है, चाहे वे कहीं भी खेले हों।

इसलिए मानसिकता में बदलाव और परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना, यह सब नया है। उन्होंने अलग-अलग भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह भूमिका अलग थी और उन्होंने इसके लिए काम करना शुरू कर दिया। योजना और तैयारी अच्छी थी, इसलिए वह अच्छा खेल सके। वह अपनी भूमिका समझते थे और अगर आपने फाइनल देखा हो, तो जब बाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे, तो वह आसानी से पॉइंट, कवर और एक्स्ट्रा कवर के बीच सिंगल ले लेते थे।

उनकी योजना अच्छी थी और उन्होंने इसे इस तरह से प्लान किया कि हां, मुझे यह करना है। मुझे लाइन पार करनी है और देश के लिए मैच जीतना है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्मी अभियुक्त को महरौनी पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस ने दर्ज मामला धारा 333, 115(2), 352, 351(2), 74, 64(2) बी.एन.एस. व 67 आई.टी. एक्ट में वांछित ग्राम खिरिया लटकन्जू निवासी अजय पुत्र भगतराम को घर के बाहर से हिरासत में लिया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, निरीक्षक निर्भयचन्द्र, उ.नि. अनीत कुमार, का.संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

### उज्जवला लाभार्थियों को हुआ सब्सिडी वितरण

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में प्रदेश के उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद में 12 मार्च 2025 को ही पूर्वान्ह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एल.ई.डी./प्रोजेक्टर टी.वी. द्वारा कराया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अथिति राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को आमंत्रित कर सजीव प्रसारण कार्यक्रम सम्पादित कराया गया। कार्यक्रम समापन के उपरांत उपस्थित समस्त लाभार्थियों को राज्यमंत्री, विधायक एवं जिलाधिकारी के साथ डीएसओ ने सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक रामदेवी, शिवजा, भागवती, उर्मिला, सावित्री, कुसुमदेवी, रमेशरा वारी, संगीता, नाजरीन, भागवती, नीता, सुन्दरबाई, शारदा आदि लाभार्थियों को वितरित किये गये। अन्त में राज्यमंत्री एवं विधायक द्वारा सम्बोधन किया गया। डीएसओ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कम्प्यूटर की दुकान में चोरी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्र के ग्राम थानागांव में रहने वाले धर्मेन्द्र प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 7 माह पहले से वह तहसील तालबेहट के सामने लोहे के डिब्बे में कम्प्यूटर की दुकान का संचालन करता आ रहा है। बताया कि 10 मार्च की शाम करीब 7.30 बजे वह अपनी दुकान का ताला लगाकर घर चला गया। अगले दिन 11 मार्च को जब वह सुबह 10.30 बजे दुकान पहुंचा तो उसकी दुकान का शटर एक फुट खुला हुआ था। उसने शटर उठाकर देखा तो उसके डिब्बे में रखा एक लैपटॉप, प्रिंटर, इनवर्टर एवं लेमीनेशन मशीन इत्यादि गायब थे, इन सभी की कीमत करीब 70 हजार रुपये होती है। पीड़ित ने बताया कि उसके लैपटॉप में दो जीमेल एकाउण्ट भी ओपिन हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर जहर पिलाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम नगवास में रहने वाली रश्मि पुत्री जगभान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 5 वर्ष पहले थाना जखौरा के बम्हौरीसर के तोमर चौराहा निवासी सोन सिंह उर्फ सोनू से हुआ था। विवाह के उपरान्त ससुराली उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि दो वर्ष पहले उसने इस सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज भी करायी थी। लेकिन सीजेएम द्वारा समझौता कराकर घर भेजा था। इसके कुछ समय पश्चात ससुराली फिर उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। बताया कि 6 मार्च को वह अपने कमरे में भी लेटी थी, तभी सास गंगा पत्नी नत्थू सिंह, पूजा पत्नी लाखन सिंह, सोन सिंह पुत्र नत्थू सिंह, लाखन सिंह पुत्र नत्थूसिंह ने एकराय होकर उसे जहर पिला दिया। पीड़िता ने बताया कि उसने वॉयस मैसेज भेजकर मायके पक्ष को सूचना दी, जिसके बाद उसकी हालत गंभीर हो गयी। बताया कि 10 बजे उसके भाई दीपेन्द्र को जानकारी हुयी, तो वह तालबेहट अस्पताल पहुंचा, जहां से उसे मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने बताया कि अब उसका उपचार हो गया है और वह स्वस्थ्य है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 115 (2), 109 (1) व दहेज एक्ट की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर होटल एवं किराए के मकान में ले जाकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी 32 वर्षीय प्रार्थिया ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि आरोपी आरिफ खान 30 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर होटल के कमरा एवं किराए के मकान में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी से शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ तीन कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 113 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवा तालाब के पास आरोपी मन्नु सिन्हा 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम चिचोली पंजाबी ढाबा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी अमरमताल सिंह चावला 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 37 पाव देशी शराब और 18 पाव अंग्रेजी शराब एवं बिक्री रकम 48 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम रानीसागर के पास आरोपी तिलक राम साहू 20 वर्ष बाइक से शराब जब्त करते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 45 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### जुआरी एवं सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर।** खमतराई एवं टिकरापारा पुलिस ने जुआरी एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, नकदी 7800 रुपए और मोबाइल फोन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने गंगानगर में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी राहुल तांडी 23 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है।

# एक-दूसरे को गुलाल लगाकर विद्यालय में बच्चों ने मनाई होली

### गुलाल और फूलों से मनाई होली, फूलों से सजाई सुंदर रंगोली, लिखा हैप्पी होली



**ललितपुर,ब्यूरो।** रंगों का त्यौहार होली बच्चों ने उत्साह से मनाया। इसे लेकर चहुंओर उल्लास का माहौल है। हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। विकासखंड बार के उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन के बच्चों ने होली के अवकाश के लिए विद्यालय बंद होने से पूर्व बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक होली मनाई। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जहां बच्चों ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद ग्रहण किया वहीं बच्चों ने आपस में खूब गुलाल लगाई और आपस में गले मिलकर सभी ने आपस में शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने फूलों से भी खूब होली मनाई। बच्चों ने खूब अबीर-गुलाल लगाकर रंगों के इस प्यारे पर्व पर जीवन में हमेशा रंगों की तरह जीवन को रंगीन, खुशी और हर्ष से परिपूर्ण करने के लिए शिक्षित होने का संदेश दिया। बच्चों ने फूलों की सुंदर सुंदर रंगोली बनाई तथा फूलों से ही लिखा हैप्पी होली। जिसकी बार ब्लॉक के एआरपी द्वय ने खूब प्रसंशा, सराहना की। होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर बार ब्लॉक के एआरपी अरविंद गौतम ने बच्चों को बताया कि यह पर्व हमें भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। बुराई पर अच्छाई की जीत के इस पर्व पर होलिका दहन में अपनी बुराइयों के दहन करने का संकल्प लें। बार ब्लॉक के एआरपी महेश वर्मा ने कहा कि होली पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर यह पर्व मनाया जाता है। इंचार्ज प्र.अ.हाकिम सिंह यादव ने कहा कि होली मेल मिलाप का त्योहार है। इसमें सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। स.अ. डा. सुनील जैन ने कहा कि केमिकल रंगों से होली न खेलें, इसके लिए हर्बल रंगों, गुलाल का प्रयोग करें। आंखों आदि का ध्यान रखें। इस दौरान एआरपी अरविन्द गौतम, एआरपी महेश वर्मा, इंचार्ज प्र.अ. हाकिम सिंह यादव, डा.सुनील जैन स.अ., दिग्विजयसिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने सीएम को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में गोली मारकर पत्रकार की हत्या कर दिए जाने के विरोध में बुधवार को तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर हत्यारोपियों पर ठोस कार्यवाही एवं मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मड़ावरा रोशनी यादव को प्रेषित किया। इस दौरान उपस्थित तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने बताया कि आज के दौर में पत्रकारिता करना टेडी खीर साबित हो रहा है। प्रदेश में जहां देखो वहां पत्रकारों का उत्पीडऩ किया जा रहा है जिसमें अवेध कार्य करने वाले खननकर्ता हो या भूमाफिया या कोई भ्रष्ट अफसर। हर कोई अपने कुकृत्य छिपाने के लिए पत्रकारों का उत्पीडऩ करने से बाज नहीं आ रहे, जिसमें पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिखवाना तो आम बात होती जा रही है। ऐसी स्थिति में चौथा स्तंभ कहा जाने वाला पत्रकार कैसे निष्पक्ष कार्य कर करे सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की खुलेआम गोली मारकर हत्या कर दिया जाना, शासन प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। ऐसी स्तिथि में पत्रकारों की सुरक्षा संबंधी कानून बनाया जाना पत्रकार हित मे अति आवश्यक है। तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से उक्त घटना के हत्यारोपियों पर ठोस कार्यवाही किये जाने के साथ ही मृतक आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नोकरी दिए जाने की मांग करते हुए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए मांग की। इस दौरान तहसील मड़ावरा के पत्रकार राकेश वैध, प्रियंक सर्राफ, अजीज मोहम्मद, कृष्ण कुमार पांडे, संदीप मिश्रा, सतीश नायक, प्रकाश लोधी, दीपक तिवारी, नवल कुशवाहा, नीलेश कुशवाहा, अखिलेश साहू, वीरेंद्रसिंह सेंगर, विक्रम सिंह, रामजी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### मनचले की प्रताडऩा से बीएससी की छोड़ी पढ़ाई

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गांव में रहने वाला धर्मेंद्र सोनी उर्फ अमित सोनी पुत्र रामकिशन सोनी उसे विगत कई महीनों से परेशान करता आ रहा है। इसी प्रताडऩा के चलते उसने एम.एस.सी. की पढ़ाई भी छोड़ दी। बताया कि उक्त धर्मेंद्र सोनी उससे फोन पर बात करने का दबाव बनाता है और मना करने पर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़िता ने बताया कि उसने अपना नम्बर बदल दिया तो उक्त व्यक्ति द्वारा उसके नाम से कई इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी सहेलियों को मैसेज भेज रहा है। इतना ही नहीं आरोप है कि वह उसे धमका भी रहा है और कहीं भी काम से जाने पर वह परेशान करता है।

# संस्कृत साहित्य ने सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ किया है : प्रो.त्रिपाठी संस्कृत



**ललितपुर,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ एवं संस्कृत विभाग नेमवि के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी सभागार में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ प्रबन्धक प्रदीप चौबे, प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय संस्कृत शोध पीठ के निदेशक प्रो.बलबहादुर त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबन्धक ने कहा कि संस्कृत साहित्य में निबद्ध, वेदों उपनिषदों पुराणों धर्मशास्त्रों दर्शन ग्रन्थों ने भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों से सुदृढ़ रखा है। भारत की सामाजिक एकता में संस्कृत भाषा एवं साहित्य का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि विद्वानों का कार्य है कि वे युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने हेतु उन्हें संस्कृत भाषा के समृद्ध साहित्य एवं विरासत का ज्ञान प्रदान करायें। प्राचार्य ने कहा कि संसार की अनेक प्राचीन सभ्यताएं धूल धूसरित हो चुकी हैं किंतु संस्कृत भाषा की वजह से भारतीय संस्कृति आज भी अपने स्थान पर अविचल खड़ी है। सारे संसार में भारतीय संस्कृति की अजय पताका फहरा रही है। इसका श्रेय संस्कृत भाषा और उसके साहित्य पर जाता है भारत के पास विश्व को संजीवनी देने वाली संस्कृत भाषा एवं साहित्य है। उन्होंने कहा की संस्कृत विशुद्ध वैज्ञानिक भाषा हैं। संस्कृत साहित्य में ज्योतिष, वास्तु, योग, धर्म, दर्शन एवं विज्ञान का भंडार भरा पड़ा हुआ है। आज पश्चिमी देश भी संस्कृत साहित्य में छिपे ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा को सीख कर इसमें छिपे जीवन और प्रकृति के रहस्य को जानने की अपील की। मुख्य वक्ता प्रो.बलबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत साहित्य हमारे इतिहास पुरातत्व संस्कृति सभ्यता धर्म कर्म आचरण और व्यवहार भारत वासियों को एक सूत्र में बांधे रहता है संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब है। इसके संवर्धन पर हमें ध्यान देना चाहिए। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी कटनी की डा.नेहा मिश्रा ने कहा संस्कृत संसार की सबसे प्राचीनतम एवं समृद्ध भाषा है। इसका विशाल साहित्य भंडार है, इसमें आध्यात्मिक ज्ञान का कोश छिपा हुआ है वेद, उपनिषद, पुराण, महाभारत, गीता जैसे महान ग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गए। डी.वी. कालेज उरई के सहायक आचार्य डा.सर्वेश शांडिल्य ने कहा कि संस्कृत साहित्य ने हमारे राष्ट में उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम तक सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में अद्वितीय भूमिका निभाई है, जिन वैदिक ऋचाओं से क उत्तर भारत में सभी संस्कार सम्पन्न यज्ञादि क्रियायें होते हैं। दक्षिण भारत में भी उन्हीं वैदिक ऋचाओं से सम्पन्न कराये जाते हैं यही विविधताओं में एकता संस्कृत साहित्य स्थापित करता है। प्रारम्भ में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ के प्रतिनिधि डा.रत्नेश त्रिवेदी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि संस्कृत साहित्य ने भारत देश को सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता में सदियों से बांध रखा है।

## धूम्रपान निषेध दिवस पर दिलायी शपथ

### सीएमओ कार्यालय में हुआ आयोजन



**ललितपुर,ब्यूरो।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत धूम्रपान निषेध दिवस (नो स्मोकिग डे) के अवसर पर कार्यालय सभागार में जन जागरूकता, सम्वेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने सभी को शपथ दिलाई की हम आज से किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे, ना ही करने देगे तम्बाकू धूम्रपान से होने वाली हानि से युवाओं को जागरूक करेगे। तम्बाकू धूम्रपान विरोधी महाअभियान को सफल बनाने मे पूर्ण निष्ठा के साथ सहयोग करेगे। कार्यक्रम के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा.अमित तिवारी द्वारा कार्यशाला मे उपस्थित समस्त चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि मरीजों को तम्बाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे जानकारी देकर उन्हे इसे छोडऩे के लिये प्रेरित करे।






















# गर्भावस्था व प्रसव उपरांत बीमारियों की रोकथाम के लिये किए जायेंगे विशेष प्रयास

## कलेक्टर ने ब्रिटानिया फाउण्डेशन के पदाधिकारियों से की चर्चा



**ग्वालियर।** मातृ मृत्यु (आईएमआर) एवं गर्भावस्था व प्रसव उपरांत बीमारियों को कम करने के लिये जिले में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। गर्भवती माताओं में अधिकांश एनीमिया की शिकायत मिलती है, इसको घरेलू और सामुदायिक स्तर पर लोहे की कढ़ाई का उपयोग कर दूर किया जा सकता है। ब्रिटानिया फाउण्डेशन ने इस दिशा में सकारात्मक कार्य करने हेतु कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान से बुधवार को उनके कार्यालय में मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। ब्रिटानिया फाउण्डेशन की बैंगलोर से पधारीं सीएसआर प्रमुख सुश्री प्रियंका सिंह एवं जिला समन्वयक श्री जितेन्द्र पाटीदार से कलेक्टर ने जिले में इस दिशा में विशेष कार्य करने के संबंध में चर्चा की। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. सचिन श्रीवास्तव एवं डीपीएम श्री विजय भार्गव भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने ब्रिटानिया फाउण्डेशन के पदाधिकारियों से जिले में गर्भवती एवं बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिये किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। हर माह में दो बार आयोजित होने वाले हाईरिस्क प्रेगनेंसी क्लीनिक के अंतर्गत इस माह भी 25 मार्च को ब्रिटानिया फाउण्डेशन द्वारा जिले की चिन्हित संस्थाओं पर एनीमिक एवं गंभीर एनीमिक गर्भवताओं को प्राथमिकता पर लोहे की कढ़ाई का वितरण करने की सहमति दी। इसके साथ ही आने वाले दिनों में फूड बास्केट वितरण के संबंध में भी फाउण्डेशन द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि फाउण्डेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करें। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से भी समन्वय स्थापित कर कार्यों को और बेहतर ढंग से कराया जाए। फाउण्डेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से की जा रही कार्रवाई की प्रतिमाह रिपोर्ट भी जिला प्रशासन को प्रेषित करें। साथ ही हितग्राहियों का स्वास्थ्य संबंधी फोलोअप भी नियमित किया जाए।

# पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**ग्वालियर।** सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था द्वारा अभयदान ट्रस्ट नई दिल्ली सहयोग से पर्यावरण संरक्षण विषय पर शासकीय पद्मा राजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंपू में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे 90 छात्राओ मे भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, महिला एवं बाल विकास विभाग की संरक्षण अधिकारी ज्योति गर्ग, सपोर्ट पर्सन अरविंद कुशवाह उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे मे सभी को जानकारी दी व बताया कि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है हमारे आसपास के प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण को हानि से बचाना, जैसे कि जल, वायु, मिट्टी, वनस्पति और जीव-जंतु. इसका लक्ष्य है, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना, और एक स्वस्थ और स्थायी भविष्य बनाना। उन्होंने बताया कि हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर दुनिया दे सकें। इसके लिए जरूरी है की हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। इसके उपरांत विद्यालय में पोधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विध्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, माध्यमिक शिक्षक राकेश दुबे, उमाशंकर शर्मा, शैलजा गुप्ता, कप्तान सिंह सिसोदिया उपस्थित थे।

# कम सम्पत्तिकर वसूली पर 1 एपीटीओ एवं 30 से अधिक करसंग्रहकों को नोटिस जारी करने के निर्देश

## निगमायुक्त ने की सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा, लक्ष्य की पूर्ति के लिए दिए निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बुधवार को सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा करते हुए कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सहायक सम्पतिकर अधिकारी एवं पिछले वर्ष से कम वसूली व वर्तमान में लक्ष्य की 30 प्रतिशत या उससे कम वसूली करने वाले 30 से अधिक कर सग्रहकों की वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित सम्पत्तिकर वसूली समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे, उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया, श्री रजनीश गुप्ता एवं श्री मुकेश बंसल सहित सभी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी एवं कर संग्रहक मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने अभी तक हुई वसूली की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी वसूली प्रभारियों को निर्देशित किया कि हर हाल में 110 करोड रुपए की सम्पत्तिकर की वसूली होनी चाहिए, इसके लिए सभी बडे बकायदारों से वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। कार्रवाई में सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी के साथ संबंधित उपायुक्त भी मौजूद रहें। सम्पत्तिकर वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए प्रत्येक कर संग्रहक अपने क्षेत्र के बडे बकायदार के यहां प्रतिदिन तालाबंदी करें तथा वरिष्ठ अधिकाारियों के साथ कार्रवई करें। कर सग्रहक आगामी समीक्षा बैठक में यह बताएं कि उनके क्षेत्र से वह कितनी वसूली करेगें। समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय 9 व 10 के सहायक सम्पतिकर अधिकारी एवं पिछले वर्ष से कम वसूली व वर्तमान में लक्ष्य की 30 प्रतिशत या उससे कम वसूली करने वाले 30 से अधिक कर सग्रहकों की वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि कम वसूली एवं लापरवाही करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवई भी की जाएगी। वहीं नामांकन प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया सरल व सुलभ बनाएं इसके साथ ही पेंमेंट जमा करने के लिए भी नागरिकों को क्यू आर कोड के माध्यम से पेंमेंट जमा करने की सुविधा प्रदान करें। इसके साथ ही अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर संग्रहकों को दिए।

# बाल विवाह एवं सुरक्षित स्पर्श व असुरक्षित स्पर्श विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम



**ग्वालियर।** सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बाल विवाह, सुरक्षित स्पर्श व असुरक्षित स्पर्श एवं पर्यावरण विषय पर शासकीय पद्मा राजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कम्पू में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 90 छात्राओ मे भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, महिला एवं बाल विकास विभाग की संरक्षण अधिकारी ज्योति गर्ग, सपोर्ट पर्सन अरविंद कुशवाह उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे मे सभी को जानकारी दी व संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। इसके उपरांत महिला एवं बाल विकास विभाग की संरक्षण अधिकारी ज्योति गर्ग द्वारा सुरक्षित स्पर्श व सुरक्षित स्पर्श के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी व बताया कि बच्चों को किसी प्रकार से डरने की जरूरत नहीं है यदि कोई उन्हे परेशान करता है या छेड़छाड़ करने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना अपने टीचर, परिवार के सदस्यों या दोस्तों को दे साथ ही पुलिस के नंबर 100 व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत करे। इसके उपरांत संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनैटर अरविंद कुशवाह ने सभी को बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का अपील करते हुए सभी को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर विध्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, माध्यमिक शिक्षक राकेश दुबे, उमाशंकर शर्मा, शैलजा गुप्ता, कप्तान सिंह सिसोदिया उपस्थित थे।

# विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट - मंत्री श्री सिलावट

## बजट में जल संसाधन विभाग के लिए 9196 करोड़ रूपये का प्रावधान

**ग्वालियर।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकसित मध्यप्रदेश 2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है। वित्त एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा आज वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि वर्ष 2024-25 के बजट की तुलना में इस बजट में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट प्रावधान 7248 करोड़ 17 लाख 3 हजार रूपये था, जिसे इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बढ़ाकर 9196 करोड़ 21 लाख 58 हजार रूपये किया गया है। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत बांध तथा संलग्न कार्य के लिए रूपये 3930 करोड़, कार्यपालिक स्थापना के लिए रूपये 1225 करोड़, नहर तथा उससे संबंधित निर्माण कार्य के लिए रूपये 1061 करोड़, केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए रूपये 700 करोड़, लघु एवं लघुतम सिंचाई योजनाएं के लिए रूपये 501 करोड़, कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना के लिए रूपये 300 करोड़, लघु सिंचाई योजना के लिए रूपये 200 करोड़, बांध तथा नहरें के लिए रूपये 193 करोड़, नहरें तथा तालाब के लिए रूपये 162 करोड़, अन्य लघु सिंचाई निर्माण कार्य के लिए रूपये 140 करोड़, सुधार सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्स्थापना के लिए रूपये 128 करोड़, चेटीखेड़ा मध्यम परियोजना के लिए रूपये 90 करोड़, टेम मध्यम परियोजना के लिए रूपये 75 करोड़, निर्वाचित कृषक संस्थाओं को राशि की व्यवस्था के लिए रूपये 58 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि किसानों की आय वृद्धि के लिये पर्याप्त सिंचाई सुविधा आवश्यक है। प्रदेश में सिंचाई सुविधा के विस्तार हेतु अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। नहरों के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे सिंचाई जल के वाष्पीकरण एवं अन्य मानवीय हस्तक्षेपों के कारण हो रहे जल अपव्यय को कम करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति एवं दाबयुक्त पाइपों के माध्यम से सिंचाई जल के उपयोग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश में उपलब्ध सिंचाई सुविधा को वर्ष 2029 तक 100 लाख हेक्टेयर किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर ÷मिले जल हमारा तुम्हारा÷ के प्रयासों से नदियों को जोड़कर सिंचाई क्षेत्र में ऐतिहासिक काम होने जा रहा है। इन प्रयासों से नदियों को सदानीरा स्वरूप प्राप्त होगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश में रुपये 24 हज़ार 293 करोड़ की अनुमानित लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना एवं रुपये 35 हज़ार करोड़ की अनुमानित लागत की पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय नदी लिंक परियोजना के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। ताप्ती नदी पर ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना के लिये महाराष्ट्र सरकार से सहमति हेतु वार्ता प्रचलित है। वर्ष 2025-26 में 19 वृहद एवं मध्यम तथा 87 लघु सिंचाई परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं, जिनसे आगामी समय में 7 लाख 20 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित हो सकेगा। सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण व संधारण के लिये वर्ष 2025-26 में रुपये 17 हज़ार 863 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है जो वर्ष 2024-25 से 24 प्रतिशत अधिक है।

# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वरिष्ठ अधिकारी निरंतर क्षेत्र में घूमकर स्वच्छता की मॉनीटरिंग करें तथा रोड साइड कहीं भी कचरा न दिखे यह स्वास्थ्य अमले के साथ ही अन्य संबंधित अधिकारी भी सुनिश्चत करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री मुनीष सिंह सिकरवार, उपायुक्त श्री अमरसत्य गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश अहिरवार, कार्यशाला प्रभारी श्री पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, श्री बीबी चंसोलया, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डा अनुज शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अमला मौजूद रहा।

# गंदगी फैलाने पर परम फूड गोविन्दपुरी पर लगाया 5 हजार का जुर्माना, अन्य क्षेत्रों में भी की गई जुर्माने की कार्रवाई



**ग्वालियर।** स्वच्छ ग्वालियर अभियान के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में गंदगी करने वाले एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं रेड स्पॉट करने वाले लोगों को समझाईश के साथ ही नहीं मानने पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

जिसके तहत आाज परम फूड गोविन्द पुरी पर गंदगी फैलाने के लिए 5 हजार का एवं नई सडक पर पालतू डॉग्स द्वारा सडक पर गंदगी करने पर 250 रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्वालियर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है । जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री रामचंद्र धौलपुरिया द्वारा जोन 17 वार्ड 38 एवं वार्ड 39 में गंदगी करने पर 1800 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

इस दौरान डब्ल्यूएचओ श्री पूरन डागोर एवं राहुल पथरोल उपस्थित रहे। वहीं लश्कर क्षेत्र में घोड़ा द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाने पर फ्लाइंग स्काउट दक्षिण द्वारा घोडा के मालिक पर 1000 रुपए का जुर्माना किया गया।

# थाना मोहना पुलिस ने एक बदमाष को पकड़कर उसके पास से 12 बोर एकनाली बंदूक व दो जिंदा राउण्ड किए जप्त

**ग्वालियर।** आगामी त्यौहार होली को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह( भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध हथियार रखने वाले बदमाषों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देष दिये गये। इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पष्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी घाटीगांव श्री शेखर दुबे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोहना निरी0 रषीद खान के द्वारा थाना बल की टीम को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। दिनांक 12.03.2025 को थाना मोहना पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना मोहना क्षेत्र में डीआरडीओ के पीछे जंगल में एक व्यक्ति अवैध हथियार लिये कोई वारदात करने की नियत से बैठा है।


## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**रेलगाड़ी संख्याः 04169/04170 आगरा छावनी-असारवा होली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04169 आगरा छावनी-असारवा | | | गाड़ी सं.04170 असारवा-आगरा छावनी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 13:30 | आगरा छावनी | 02:30 | ------- |
| 14:10 | 14:12 | फतेहपुर सीकरी | 01:40 | 01:42 |
| 15:35 | 15:37 | बयाना जं. | 00:43 | 00:45 |
| 16:40 | 16:45 | गंगापुर सिटी | 23:05 | 23:10 |
| 17:24 | 17:36 | सवाई माधोपुर | 22:13 | 22:15 |
| 18:33 | 18:35 | केशोराय पाटन | 20:38 | 20:40 |
| 19:33 | 19:35 | बून्दी | 19:58 | 20:00 |
| 20:03 | 20:05 | माण्डल गढ़ | 18:48 | 18:50 |
| 21:10 | 21:15 | चंदेरिया | 18:00 | 18:05 |
| 23:40 | 00:05 | उदयपुर सिटी | 15:05 | 15:30 |
| 02:00 | 02:05 | डूंगरपुर | 12:10 | 12:15 |
| 04:05 | 04:07 | हिंमतनगर जं. | 10:48 | 10:50 |
| 05:45 | ------- | असारवा | ------- | 09:15 |

**आगरा छावनी सेः** रेलगाड़ी सं. **04169**, दिनांक- 15.03.2025 से 31.03.2025 (प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार), **असारवा सेः** रेलगाड़ी सं.04170, दिनांक-16.03.2025 से 01.04.2025 (प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार),
**गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणीः 08, स्लीपर श्रेणीः 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 01

**रेलगाड़ी संख्याः 01925/01926 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मथुरा (अनारक्षित) होली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 01925 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मथुरा | | | गाड़ी सं.01926 मथुरा -वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 19:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 07:50 | ------- |
| 19:32 | 19:34 | दतिया | 06:20 | 06:22 |
| 19:56 | 19:58 | डबरा | 05:40 | 05:42 |
| 20:40 | 20:45 | ग्वालियर जं | 04:50 | 04:55 |
| 21:35 | 21:37 | मुरेना | 04:16 | 04:18 |
| 22:48 | 22:50 | धौलपुर जं | 03:50 | 03:52 |
| 23:35 | 23:40 | आगरा छावनी | 02:50 | 02:55 |
| 01:00 | ------- | मथुरा जं | ------- | 02:00 |

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सेः** रेलगाड़ी सं. 01925, दिनांक- 12.03.2025 से 18.03.2025 तक, **मथुरा सेः** रेलगाड़ी सं.01926, दिनांक- 13.03.2025 से 19.03.2025 तक। **गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणीः 08

नोट– ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 474/25(DG)


# थाना कैलारस पुलिस द्वारा 23 पेटी अवैध शराब व एक बुलेरो कार कुल कीमती 09 लाख 10 हजार रूपये को किया जप्त



**कैलारस।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैनाश्री समीर सौरभ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैना, के द्वारा जिले में सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री रवि सोनेर कैलारस के मार्गदर्शन में थाना कैलार पुलिस द्वारा मुखविर सूचना पर से आज दिनांक 12.03.25 को ग्राम पचेखा गांव तरफ जाने वाले रास्ते पर वाहनो की चैकिंग शुरू कर दी। तभी समय करीबन 12.30 बजे मुखबिर द्वारा बताय हुलिये की एक बिना नंबर की काले रंग की बोलेरो नैपरी तरफ से आती हुई दिखाई दी। तभी उक्त कार को हमराही फोर्स की मदद से रोकने का प्रयास किया। परनत् बोलेर का चालक अपनी बोलेरो कार को तेजी से चलाकर पचेखा गांव की तरफ भगा कर ले गया। बाद उक्त बोलेरो का शासकीय वाहन से पीछा किया तो उक्त बोलेरो का चालक अपनी बोलेरो को पचेखा गांव से होते हुये क्वारी नदी के बीहड तरफ भगाकर ले गया हमराही फोर्स की मदद से काफी तलाश किया लेकिन नदी किनारे झाडियो एवं बीहड व सरसों एवं गेंहू की फसल में छुपने का फायदा उठाकर आरोपीगण भाग गये उक्त बोलेरो ehicle SR NO 42B31716 व इंजन नम्बर AC44B58407 गाडी दिखी जिसे खोलकर देखा तो बोलेरो में पीछे सीट नहीं थी उसी जगह में शराब के क्वाटरों से भरी हुयी 02 प्लास्टिक की बोरियां एवं 11 पेटी देशी मदिरा मसाला व 05 पेटी हन्टर कम्पनी की बीयर रखी मिली। वाहन बुलेरो व अवैध शराब की कुल कीमती 09 लाख 10 हजार रूपये की पकडी उक्त बुलेरो एवं शराब को जप्त किया जाकर प्रकरण में धारा 34(2) आब0 अधिनियम का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कैलारस निरीक्षक वीरेश सिहं कुशवाह, उनि हिमांशु यादव, उनि. संतोष बाबू गौतम, उनि राममंत्र गुप्ता सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रआर 983 गजेन्द्र सिंह, प्रआर.889 दातार सिहं, आर. 893 विकाश शर्मा आर 1091 अवधेश गुर्जर, आर. 1097 देवेन्द्र गुर्जर, आर. 745 रोहित, आर.346 अरमान शाह, आर.397 विष्णू जाट, आर.486 विष्णू शर्मा, आर. 520 बृजराज, आर.914 रवि यादव, आर. 337 सुरेन्द्रसिहं, आर. चालक शाकिर खांन की विशेष भूमिका रही।

# फार्मर रजिस्ट्री और सीएम हेल्पलाइन को प्राथमिकता दें

## राजस्व अधिकारी गेहूं के सत्यापन के कार्य को प्राथमिकता दें, कलेक्टर ने दिए निर्देश



**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि फार्मर रजिस्ट्री और सीएम हेल्पलाइन पर विशेष ध्यान दें, ये दोनों सभी की प्राथमिकता में रहें। कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में हुई बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि इस समय फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अन्य जिलों के साथ-साथ मुरैना जिले में भी प्राथमिकता के साथ चल रहा है। राजस्व अधिकारी 31 मार्च तक लक्ष्य पूर्ण करायें। मुरैना जिले की रैंकिंग प्रदेश में अच्छे स्थान पर होना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिए कि पटवारियों की बैठक लें, उन्हें समझायें, अच्छे कार्य करने वाले पटवारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि जो पटवारी इस कार्य में पीछे हैं वे इससे मोटीवेट हो कर कार्य को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट पर विशेष ध्यान दिया जाए। कई लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी नाम जुड़वा लेते हैं। पटवारियों के साथ मिलकर उनसे संपर्क करें। उन्होंने कहा कि ई-फार्मर सूची पूर्ण होनी चाहिये। ई-फार्मर रजिस्ट्री मुख्य सचिव की विशेष प्राथमिकता पर है। कलेक्टर ने कहा कि कुछ राजस्व अधिकारियों ने डायवर्जन कम जमा कराया है। इस पर भी राजस्व अधिकारी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत अभी तक अंबाह में 76, कैलारस में 93, जौरा में 144, पोरसा में 31, बानमोर में 19, मुरैना में 28 और सबलगढ़ में 96 स्वामित्व के नक्शे प्राप्त किये हैं। अधिक से अधिक एसओआई से नक्शा लें, इस कार्य को भी प्राथमिकता दें। जब ई-केवायसी के लिये पटवारी गांव-गांव जायें तब स्वामित्व योजना के बारे में भी ग्रामीणों से बात करें। कलेक्टर ने कहा कि गेहूं सत्यापन का कार्य राजस्व अधिकारी प्राथमिकता से करें, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त तहसीलदार, नालब तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन पर विशेष ध्यान दें। राजस्व अधिकारियों ने पिछले माह अच्छा कार्य किया है। मुझे उम्मीद है कि इस बार भी सभी सीएम हेल्पलाइन पर विशेष ध्यान देंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कहीं भी लाइन ऑर्डर और चक्का जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिये अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहें। कहीं पर भी कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो तत्काल संज्ञान में लायें।

# विधायक गुर्जर ने पत्रकारो की सुरक्षा, सड़क ,पानी, बिजली, रोजगार की समस्याओं को विधानसभा में उठाया

**मुरैना विधानसभा के विकास, पत्रकारों की सुरक्षा, बानमौर आवास कॉलोनी में सड़क, पानी, बिजली की समस्या, क्षेत्रीय नौजवानों के रोजगार एवं संभागीय कार्यालयों की स्थापना, शिक्षा आदि समस्याओं को लेकर भोपाल विधानसभा में गरजे: विधायक मुरैना दिनेश गुर्जर**

**मुरैना,कांस।** विगत दिनों भोपाल में चल रही विधानसभा में मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने याचिका के माध्यम से, ध्यान आकर्षण के माध्यम से, तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से मुरैना विधानसभा क्षेत्र के विकास, रोजगार, पत्रकारों की सुरक्षा और जनहित कार्यों के लिए अपनी बात रख मांग की और कहा कि वर्तमान में पत्रकारों पर बिना जांच के स्नढ्ढक्र कर दी जाती है, सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए आवास, वेतन, स्वास्थ्य एवं पेंशन सुविधाओं के संबंध में वर्तमान में कोई दिशा निर्देश हैं क्या जानकारी ली एवं पत्रकार सुरक्षा कानून कब तक लागू किया जाएगा, कानून लागू नहीं किए जाने के पीछे क्या कारण हैं शासन द्वारा पत्रकारों को उनके काम करने की स्वतंत्रता और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की और चंबल संभाग बनाने के बाद किस-किस विभाग के संभागीय कार्यालय मुरैना में खोले जाने थे एवं मुरैना में वर्तमान में कौन-कौन से संचालित हैं उनकी



जानकारी ली एवं चंबल संभाग का संभागीय कार्यालय स्कूल शिक्षा, आई.टी.आई, स्वास्थ्य विभाग, कोष लेखा आदि जो आज दिनांक तक नहीं खोले गए हैं उनको खोलने के आदेश जारी करने की मांग की और विधानसभा क्षेत्र मुरैना के अंतर्गत ग्राम पंचायत दोरावली के अंतर्गत जरेरूआ औद्योगिक क्षेत्र मुख्य मार्ग से निहाल सिंह का पुरा से पंचम सिंह सरपंच के पुरा से कल्ला का पुरा, कंसाना पुरा, वीरेंद्र सिंह के पुरा तक आने-जाने हेतु सड़क न होने से जनता बहुत परेशान हो रही है बरसात के समय में लोगों का आना-जाना बंद हो जाता है जिस कारण ग्रामवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लगभग 2 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य कराने की मांग की एवं ग्राम पंचायत खिरावली के अंतर्गत छर्रा का पुरा, ग्राम पंचायत बमरौली के ग्राम विसेंठा, ग्राम पंचायत बैंड़ा के अंतर्गत घुरेया साह का पुरा एवं अन्य ग्राम पंचायतों में जो एडिट शालाएं खुली थी उनमें शिक्षक रिटायर्ड होने से एडिट शालाएं बंद हो गई हैं जिस कारण ग्राम वासियों के बच्चे अपनी पढ़ाई पूर्ण करने के लिए अन्य ग्रामों में जाना पड़ता है जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए नवीन प्राथमिक शालाएं खोली जावे और उनमें शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की और ग्राम पंचायत पहाड़ी हर्षाना का पुरा के पास बने डेम की पार बाढ़ आने से टूट गई, जिससे किसानों की फसलों में पानी भर रहा है नुकसान हो रहा है डेम का पानी भी कम हो रहा है एवं पिलुआ डेम डांग का पुरा नहर की दीवार को ऊंचा करने की भी मांग की।

बानमोर नगर पंचायत की आवास कॉलोनी में बिजली, पानी एवं सड़क की कोई की व्यवस्था नहीं है लोग अंधेरे में अपना जीवन यापन कर रहे हैं नल-जल योजना का बोर नहीं किया है और न ही नल कनेक्शन किए गए हैं लोग टैंकरों से पानी लाकर अपना जीवन काट रहे हैं जिसकी शिकायत कई बार सिंचाई विभाग के ई.ई को की गई है लेकिन आज दिनांक तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है बानमोर आवास कॉलोनी में बिजली, पानी एवं सड़क की उचित व्यवस्था करने की मांग की और बानमोर औद्योगिक क्षेत्र में जो फैक्ट्रियां खुली हुई है उनमें क्षेत्रीय नौजवानों को रोजगार नहीं दिया जाता है जिस कारण क्षेत्रीय नौजवान किसी अन्य शहरों दिल्ली, पुणे, गुजरात एवं अन्य शहरों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं ।

और दूसरे शहरों के लोग मुरैना बानमौर फैक्ट्रियों में आकर रोजगार कर रहे हैं, बानमौर फैक्ट्रियों में क्षेत्रीय नौजवानों को रोजगार दिलवाए जाने की मांग आदि कई समस्याओं को लेकर एवं जनहित कार्यों को लेकर विधानसभा भोपाल में मांग की और जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण कर जनहित में विकास कार्य कराये जाने की बात कही।

# स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित आईएसबीटी के संचालन और रखरखाव संबंधित निविदा प्रक्रिया को जल्द पूरा करें - कलेक्टर

**अधिकारियों की बैठक लेकर की आईएसबीटी के O&M की समीक्षा, नगर निगम आयुक्त भी बैठक में रहे मौजूद, प्राप्त सुझावो के आधार पर संबंधित सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का संयुक्त दल मिलकर करेगा सर्वे**

**ग्वालियर।** ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा नवनिर्मित इंटर स्टेट बस टर्मिनल (ISBT) के संचालन और रखरखाव संबंधी निविदा प्रक्रिया को जल्द पूरा करे। ताकि शहरवासियों को इस नवनिर्मित आईएसबीटी का लाभ मिल सके साथ ही शहर के विकास में नया आयाम जुड़ सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित आईएसबीटी के संचालन और रखरखाव की निविदा योजना की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्य हेतु बनाई जा रही निविदा में वह सभी जरूरी प्रावधानों को शामिल किया जाए जो भविष्य में आईएसबीटी के सुचारू संचालन और बेहतर रखरखाव के लिए जरूरी हो। बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय भी मौजूद थे। बुधवार को मोतीमहल स्थित स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आईएसबीटी से बसों के संचालन व इसके रखरखाव की योजना की विस्तार से समीक्षा की।



साथ ही इस हेतु तैयार प्रारंभिक निविदा ड्राफ्ट के बिन्दुओ पर भी चर्चा की। बैठक में श्रीमती चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईएसबीटी के लैंड यूज़ संबंधित जरूरी प्रक्रिया को संबंधित टीएंडसीपी विभाग के साथ समन्वय कर पूरा करे व स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में भी रखे। वही उन्होंने आईएसबीटी पर जरूरी सेवाओ जैसे हैल्प डेस्क, चिकित्सीय सहायता, पुलिस सहायता केंद्र सहित अन्य सेवाओ का प्रावधान रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। श्रीमती चौहान ने आईएसबीटी पर जरूरी सरकारी उपक्रमो के लिए भी अलग से जगह चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आईएसबीटी में महिला कर्मियों को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में मौजूद नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने आईएसबीटी के संचालन और रखरखाव को लेकर तैयार कि जाने वाली निविदा में हर तकनीकी पहलु को अच्छे से देखकर तैयार करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के अंत मे कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गुरुवार 13 मार्च को आईएसबीटी से सभी संबंधित अधिकारीयो द्वारा संयुक्त रुप से बस रुटो का सर्वे करने की बात भी कही।







































स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा.मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।